इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 171 | राजनांदगांव, रविवार 10 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# प. बंगाल में बीजेपी सरकार: सुवेंदु अधिकारी बने पहले सीएम, 5 मंत्रियों ने भी ली शपथ



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में शनिवार को एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया, जब सुवेंदु अधिकारी ने राज्य के पहले बीजेपी मुख्यमंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ ली।

कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में उन्होंने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ लेने के बाद सुवेंदु सीधे मंच पर मौजूद नरेंद्र मोदी के पास पहुंचे और झुककर उनका अभिवादन किया। इस दौरान पूरा मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा। राज्यपाल R. N. Ravi ने सुवेंदु अधिकारी के साथ पांच अन्य नेताओं को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू और निसिथ प्रमाणिक शामिल हैं।

समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कई केंद्रीय मंत्री और NDA तथा BJP शासित राज्यों के करीब 20 मुख्यमंत्री मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम को बंगाल की पारंपरिक संस्कृति और राजनीतिक बदलाव के प्रतीक के रूप में पेश किया गया। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की शपथ पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से घुटनों के बल झुककर बंगाल की जनता को प्रणाम किया।

### पीएम ने मंच पर वरिष्ठ कार्यकर्ता के पैर छुए



समारोह के दौरान एक भावुक पल भी देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री मोदी ने 98 वर्षीय वरिष्ठ BJP कार्यकर्ता माखनलाल सरकार का सम्मान किया। मंच पर पहुंचते ही पीएम मोदी ने उन्हें शॉल ओढ़ाई और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। माखनलाल सरकार 1952 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कश्मीर आंदोलन में शामिल रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

# 4 दिन में चौथी बार राज्यपाल से मिले विजय, 120 विधायकों के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा

चेन्नई। तमिलनाडु की राजनीति में पिछले कई दिनों से जारी सस्पेंस अब खत्म होता नजर आ रहा है। 107 (टीवीके) + 5 (कांग्रेस) + 4 (वामपंथी दल) + 2 (वीसीके) + 2 (आईयूएमएल) = 120. इसी बहुमत के गणित के साथ अभिनेता-राजनेता विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। शनिवार को विजय ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर समर्थन पत्र सौंपे। चुनाव नतीजों के बाद राज्यपाल के साथ यह उनकी चौथी बैठक थी।

सूत्रों के मुताबिक,टीवीके गठबंधन को अब कुल 121 विधायकों का समर्थन हासिल है। हालांकि विजय अपनी जीती हुई दो सीटों में से एक सीट छोड़ेंगे, जिसके बाद यह संख्या 120 रह जाएगी। तमिलनाडु विधानसभा में बहुमत के लिए 118 विधायकों की जरूरत होती है, ऐसे में टीवीके गठबंधन अब सुरक्षित स्थिति में माना जा रहा है।

इससे पहले विजय लगातार तीन बार राज्यपाल से मिले थे, लेकिन बहुमत का स्पष्ट आंकड़ा नहीं होने के कारण सरकार गठन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी थी। VCK और IUML के समर्थन के बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई। कांग्रेस और वामपंथी दल पहले ही TVK के साथ आ चुके थे।



वहीं, चेन्नई स्थित TVK मुख्यालय के बाहर समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और नारे लगाकर जश्न मनाया। विजय के मुख्यमंत्री बनने की संभावना मजबूत होने के बाद पूरे राज्य में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

सिर्फ दो साल पुरानी TVK का इस तरह सत्ता के करीब पहुंचना तमिलनाडु की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत माना जा रहा है। अब सबकी नजर राज्यपाल के अगले फैसले और संभावित शपथ ग्रहण समारोह पर टिकी हुई है।

### क्या है बहुमत का गणित?

234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 118 सीटों की जरूरत होती है, जबकि टीवीके को कुल 108 सीटें मिली थीं। कांग्रेस के पांच, सीपीआई के दो, सीपीआईएम के दो और वीसीके के दो विधायकों के समर्थन से टीवीके गठबंधन का आंकड़ा 121 तक पहुंच गया है। हालांकि विजय दो सीटों से विधायक हैं, इसीलिए उनकी एक ही सीट मानी जाएगी। यानी प्रभावी आंकड़ा 120 है। इसके साथ ही विजय के नेतृत्व में तमिलनाडु में नई सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम पर निवर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने सहयोगी दलों के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा है कि वर्तमान संकट से बचने के लिए टीवीके को समर्थन देने के बावजूद सहयोगी दल नीतिगत आधार पर डीएमके के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन में बने हुए हैं। स्टालिन ने इस वैचारिक दृढ़ता और विश्वास के लिए वामपंथी नेताओं, वीसीके और अन्य सहयोगियों का दिल से आभार व्यक्त किया। हालांकि, उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन की ओर से चुनाव जीतने वाले कांग्रेस विधायकों ने धन्यवाद तक नहीं दिया और उसी दिन डीएमके से नाता तोड़ लिया। इसके साथ ही स्टालिन ने नई सरकार से यह अपेक्षा भी जताई है कि वह उनकी पूर्ववर्ती सरकार की दूरदर्शी और समृद्ध योजनाओं को आगे भी जारी रखेगी।

# दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट: इंटेलिजेंस बोली- गोलीबारी और आत्मघाती हमला भी हो सकता है, भाजपा हेडक्वार्टर- सरकारी इमारतों की सुरक्षा बढ़ाई

नई दिल्ली। इंटेलिजेंस एजेंसियों ने दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के आधार पर यह जानकारी दी है। एजेंसी के मुताबिक, भाजपा मुख्यालय और आसपास की सरकारी इमारतों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।



एजेंसियों को शक है कि दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित कार्यालयों को आत्मघाती हमलों, कार ब्लास्ट, गोलीबारी या IED के जरिए निशाना बनाया जा सकता है। किसी भी खतरे को टालने के लिए सुरक्षा बलों ने निगरानी और एहतियाती कदम बढ़ा दिए हैं।

### जवानों की तैनाती और सीसीटीवी निगरानी बढ़ी

पुलिस और सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त जवानों की तैनाती, चेकिंग और सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बैरिकेडिंग और वाहनों की रैंडम चेकिंग के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए आपसी तालमेल से काम कर रही हैं। बम निरोधक दस्तों, स्निफर डॉग यूनिट्स और क्विक रिएक्शन टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। दिल्ली फायर सर्विस को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस को संवेदनशील इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों, लावारिस वस्तुओं और खड़े वाहनों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया है। दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर शाम 6.52 बजे आतंकी हमला हुआ था। आतंकवादी ने चलती कार में धमका किया था। इस धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस धमाके के तार टेरर मॉड्यूल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# यूपी में कल होगा योगी मंत्रिमंडल विस्तार, राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रहा कयासों का दौर अब खत्म हो गया है। यूपी में कल मंत्रिमंडल विस्तार होगा। रविवार शाम को साढ़े तीन बजे जनभवन में छह नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, कई मंत्रियों के भी विभाग भी बदले जा सकते हैं। इससे पहले शनिवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की और उन्हें नेताओं की सूची सौंपी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल को लालचंद राम द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा पुस्तक भी भेंट की। दरअसल, यूपी में



फिलहाल 54 मंत्री हैं। छह मंत्रियों की जगह खाली है। यहां पर कुल 60 मंत्री हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, जिन छह नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है, उनमें कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी का नाम शामिल है। बीते अप्रैल महीने में भी मंत्रिमंडल विस्तार के दावे किए जा रहे थे। खबरों के अनुसार, प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही संगठन में भी फेरबदल किए जाएंगे।

# कोल लेवी घोटाला: सूर्यकांत के ड्राइवर की बेल खारिज, हाईकोर्ट बोला- ड्राइवर नहीं, वसूली नेटवर्क का एक्टिव मेंबर था, कारोबारी ने उसके नाम खरीदी संपत्ति

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ कोल लेवी घोटाले के आरोपी और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के ड्राइवर की जमानत हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि नारायण साहू सिर्फ ड्राइवर नहीं, बल्कि पूरे वसूली नेटवर्क का एक्टिव मेंबर था, सूर्यकांत ने उसके नाम पर संपत्ति भी खरीदी है। बता दें कि, कोयला घोटाला केस में ईओडब्ल्यू आरोपी ड्राइवर की 2 साल से तलाश कर रही थी। उसे करीब दो महीने पहले गिरफ्तार किया गया था। केस में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कोयला लेवी के पैसे के कलेक्शन और ट्रांसफर का भी काम करता था।





### हाईकोर्ट में लगाई थी जमानत अर्जी

ईओडब्ल्यू की गिरफ्तारी के बाद उसे जेल दाखिल गया था, जिसके बाद आरोपी नारायण साहू ने ईडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई, जिसे खारिज कर दी गई। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। याचिका में उसने कहा कि ईओडब्ल्यू को उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। उसका कहना है कि वह केवल कारोबारी का ड्राइवर था। कोयला घोटाले में उसका कोई हाथ नहीं है। उसने यह भी आरोप लगाया कि पहले उस पर खिलाफ में बयान देने के लिए दबाव बनाया गया। बाद में उसे फंसाने के लिए आरोपी बना दिया गया।

### राज्य सरकार ने जमानत का किया विरोध

एजेंसियों के मुताबिक, इन दस्तावेजों से करोड़ों रुपए की अवैध वसूली के लेन-देन का लिंक सामने आया है। इसी आधार पर कोर्ट ने माना कि प्रथम दृष्टया आरोपी की भूमिका गंभीर है और उसे जमानत दिए जाने का आधार नहीं बनता। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीबीआई की कार्रवाई: 27337 करोड़ के घोटाले में अनिल अंबानी की कंपनियों पर ताबड़तोड़ छापे

नई दिल्ली। देश के बैंकिंग सेक्टर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाने वाले कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए ग्रुप की कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ मुंबई में 17 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई कॉर्पोरेट गवर्नेंस और बैंक फंड की हेराफेरी के बड़े मामलों पर जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दर्शाती है।

### छापेमारी के मुख्य केंद्र और आरोपी कंपनियां

सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार, यह सर्च ऑपरेशन रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन अलग-अलग मामलों के तहत किया गया है।




### जांच एजेंसी ने इन कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों पर छापे मारे

इसके साथ ही उन बिचौलिया कंपनियों के दफ्तरों को भी खंगाला गया, जिनके खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर बैंक फंड को डायवर्ट (हेराफेरी) करने के लिए किया गया था। शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से सर्च वारंट हासिल करने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

### 27,337 करोड़ का वित्तीय नुकसान और फर्जीवाड़ा

इस पूरे कथित घोटाले का वित्तीय प्रभाव बेहद व्यापक है। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में सरकारी बैंकों और स्बुष्ट को कुल मिलाकर लगभग 27,337 करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि फंड डायवर्ट करने के लिए इस्तेमाल की गई कई बिचौलिया कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।

### सुप्रीम कोर्ट की निगरानी और अब तक की कार्रवाई

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी की शिकायतों के आधार पर संघीय एजेंसी ने अनिल अंबानी के रिलायंस समूह के खिलाफ हजारों करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी के कुल सात मामले दर्ज किए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### भारत का रक्षा कवच हुआ और मजबूत,

# अग्नि मिसाइल के आधुनिक वेरिएंट का हुआ सफल परीक्षण


नई दिल्ली। भारत ने अपनी रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में एक और बहुत बड़ी, ऐतिहासिक और शानदार कामयाबी हासिल कर ली है। देश की ताकत और आत्मनिर्भरता को आसमान की नई ऊंचाइयों तक ले जाते हुए, भारत ने अपनी उन्नत अग्नि मिसाइल के एक बेहद खास और आधुनिक रूप का सफल उड़ान परीक्षण किया है।



यह कोई साधारण मिसाइल नहीं है, बल्कि यह मिसाइल एमआईआरवी यानी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल नाम की एक बेहद जटिल और मारक तकनीक से पूरी तरह लैस है। यह परीक्षण अपने सभी पैमानों पर पूरी तरह से सफल रहा है और इसने तय किए गए सभी कठिन लक्ष्यों को आसानी से पार कर लिया है। इस बड़ी और अहम कामयाबी से यह पूरी तरह साबित हो गया है कि भारत की रक्षा प्रणाली और मिसाइल तकनीक अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूत, ताकतवर और अचूक हो गई है। यह एक ऐसी शानदार खबर है जो देश के हर एक नागरिक को सुरक्षित महसूस कराती है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा गिरफ्तार

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी का बड़ा एक्शन



नई दिल्ली। पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में श्रष्ठ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घर पर रेड के बाद मंत्री की गिरफ्तारी की। अधिकारियों का दावा है कि 62 वर्षीय अरोड़ा जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। अरोड़ा को शनिवार को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी डिटेल पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की मांग करेगा।

### संजीव अरोड़ा की फिर बढ़ीं मुश्किलें

इससे पहले आज दिन में ईडी ने एक बार संजीव अरोड़ा और उनके सहयोगियों के 5 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ये छापेमारी दिल्ली-NCR और चंडीगढ़ में हुई। इसके अलावा संजीव अरोड़ा के अलॉटेट सरकारी बंगले पर भी ईडी की छापेमारी हुई। इस छापेमारी से पंजाब की सियासत में हड़कंप मच गया और खुद सीएम भगवंत मान ने इस पर बयान दिया। भगवंत मान ने बीजेपी पर निशाना भी साधा।

### 100 करोड़ से ज्यादा के फर्जी मोबाइल फोन खरीद-बिक्री के बिल किए तैयार

ईडी की आज की छापेमारी हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड के दफ्तरों और संजीव अरोड़ा के आवास पर हुई। जांच एजेंसी का आरोप है कि कंपनी के जरिए 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के फर्जी मोबाइल फोन खरीद-बिक्री के बिल तैयार किए गए और उसी के जरिए अवैध धन को दुबई से भारत लाया गया। सूत्रों के मुताबिक, जांच में सामने आया है कि दिल्ली की कई फर्जी और गैर-मौजूद कंपनियों से नकली जीएसटी बिल लिए गए। इन बिलों के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का गलत फायदा उठाया गया।

### सरकारी खजाने को पहुंचाया करोड़ों रुपये का नुकसान

इसके अलावा मोबाइल फोन के फर्जी एक्सपोर्ट दिखाकर GST रिफंड और ड्यूटी ड्रॉबैक का भी लाभ लिया गया। ED का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क के जरिए सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया गया, जबकि आरोपियों ने अवैध तरीके से भारी मुनाफा कमाया। जांच एजेंसी अब बैंक खातों, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय दस्तावेजों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि यह मामला सिर्फ फर्जी जीएसटी बिलिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केरल में सीएम को लेकर फंसा पेच: खरगे के आवास पर तीन घंटे हुए बैठक, फिर भी नहीं बन सकी सहमति

तिरुवनंतपुरम। केरल में कांग्रेस पार्टी की शानदार जीत के बाद अब नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भारी पेच फंस गया है। राजधानी दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर करीब तीन घंटे तक एक बड़ी और अहम बैठक चली, लेकिन इसके बावजूद किसी एक नाम पर अंतिम सहमति नहीं बन पाई है।



इस लंबी बैठक के बाद भी सस्पेंस पूरी तरह से बरकरार है और पार्टी ने अभी तक मुख्यमंत्री पद के लिए किसी चेहरे का आधिकारिक एलान नहीं किया है। पूरा केरल अब इस बात का बेसब्री से इंतजार कर रहा है कि राज्य की कमान किसके हाथों में सौंपी जाएगी और यह ताज किसके सिर सजेगा।

इस हाई-प्रोफाइल बैठक में केरल कांग्रेस के कई कद्दावर नेता शामिल हुए, जिनमें वीडी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्नितला प्रमुख हैं। यह बैठक राज्य में कांग्रेस के मजबूत प्रदर्शन के बाद नेतृत्व परिवर्तन को अंतिम रूप देने के खास उद्देश्य से बुलाई गई थी। हालांकि, लंबी चर्चा और लगातार विचार-विमर्श के बावजूद फैसला सार्वजनिक नहीं किया जा सका, जिससे यह साफ संकेत मिल रहा है कि पार्टी के अंदर अभी और भी आंतरिक बातचीत होनी बाकी है। अब यह पूरा मामला दिल्ली दरबार यानी आलाकमान के हाथों में चला गया है और मुख्यमंत्री चुनने का अंतिम फैसला पूरी तरह से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर छोड़ दिया गया है। बैठक के बाद सभी बड़े नेता कुछ समय के लिए फिर खरगे के आवास लौटे और बाद में वहां से रवाना हो गए। राज्य के सभी नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों ने मिलकर एक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत की नई तैयारी: अगले हफ्ते पाकिस्तान में सकती है बैठक

वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चल रही खींचतान अब खत्म होने की दिशा में बढ़ती दिख रही है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों देश अगले हफ्ते पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर से मेज पर बैठ सकते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन इस कोशिश में है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को हमेशा के लिए शांत किया जाए। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा रास्ता निकालना है जिससे दोनों देशों के बीच युद्ध जैसी स्थिति खत्म हो सके और वैश्विक स्तर पर शांति बहाली हो सके।



### क्या है 14 बिंदुओं वाला समझौता?

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष मध्यस्थों के जरिए एक पन्ने के 14-सूत्रीय सहमति पत्र पर काम कर रहे हैं। इस दस्तावेज का मकसद एक महीने तक चलने वाली बातचीत की प्रक्रिया के लिए एक ढांचा तैयार करना है। अगर अगले हफ्ते इस्लामाबाद में यह बैठक होती है, तो यह तनाव कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इस समझौते के जरिए कोशिश की जा रही है कि एक महीने के भीतर किसी ठोस नतीजे पर पहुंचा जाए। यदि बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ती है, तो आपसी सहमति से इस समयसीमा को और आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

### किन बड़े मुद्दों पर फंसा है पेच?

इस प्रस्तावित मसौदे में कई अहम और कड़े मुद्दे शामिल किए गए हैं। इसमें सबसे प्रमुख ईरान का परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव को कम करना है। रिपोर्ट बताती है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम के भंडार को किसी दूसरे देश में भेजने पर भी विचार हो रहा है। हालांकि, राह इतनी आसान नहीं है। सबसे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नेशनल लोक अदालत में 2.64 लाख से अधिक मामलों का हुआ निराकरण




**3111 करोड़ रुपये से अधिक के प्रकरणों का हुआ सफल समाधान**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के निर्देशन में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मुख्य संरक्षण एवं नालसा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 09 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें राजनांदगांव जिले सहित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र में लंबित मामलों का बड़े स्तर पर निराकरण किया गया।

लोक अदालत में कुल 2 लाख 64 हजार 739 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा हुआ। इनमें 2 लाख 63 हजार 133 प्री-लिटिगेशन एवं 3 हजार 335 न्यायालयीन प्रकरण शामिल रहे। निपटाए गए मामलों का कुल मूल्य लगभग 3111 करोड़ 56 लाख 70 हजार 937 रुपये रहा। लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक ऋण वसूली, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, बिजली एवं टेलीफोन बिल तथा राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण आपसी सहमति से किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय कुमार होता के नेतृत्व में आयोजित इस लोक अदालत के लिए जिले में 44 खंडपीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत में बिछड़े दंपत्ति फिर एकसाथ आए।

### आपसी समझौते से समाप्त हुआ पारिवारिक विवाद

राजनांदगांव में आयोजित नेशनल लोक अदालत में एक पारिवारिक विवाद का सुखद समाधान सामने आया। पारिवारिक न्यायालय में लंबित पति-पत्नी के विवाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता कराया गया, जिसके बाद मामला समाप्त कर दिया गया। पत्नी द्वारा भरण-पोषण के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। लोक अदालत में समझाइश और मध्यस्थता के बाद दोनों पक्ष साथ रहने के लिए सहमत हो गए। इसके बाद प्रकरण का निराकरण कर दिया गया।

लोक अदालत द्वारा निपटान किए गए मामलो में कुल 261577 मामले प्री-लिटिगेशन चरण के थे और 3162 मामले ऐसे थे जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। निपटान की राशि लगभग ,3111,56,70937 रुपए (अक्षरी इकतीस अरब ग्यारह करोड़ छप्पन लाख सत्तर हजार नौ सौ अड़तीस रुपए) था।

इसी तरह सुनवाई किए गए न्यायालय में लंबित मामले 3335 प्री- लिटिगेशन के 263133 रहे वहीं निपटान किए गए न्यायालय में लंबित 3162 तथा प्री-लिटिगेशन के मामले 261577 रहे।

### बैंक ऋण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले का भी हुआ समाधान

नेशनल लोक अदालत में बैंक ऋण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले का भी समाधान किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रस्तुत 4 लाख 52 हजार 991 रुपये की वसूली संबंधी प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। समझौते के तहत 2 लाख 17 हजार रुपये की राशि जमा कराकर प्रकरण का निराकरण किया गया। लंबे समय से लंबित इस विवाद के समाप्त होने पर दोनों पक्षों ने संतोष व्यक्त किया।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी मामले का समाधान

राजनांदगांव नेशनल लोक अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी एक मामले का समाधान किया गया। मोटर साइकिल चोरी से जुड़े प्रकरण में आरोपी की पत्नी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़कर राजीनामे की सहमति दी। इसके बाद मामले का निपटारा कर आरोपी की रिहाई संबंधी आदेश जारी किया गया। न्यायालय ने इसे डिजिटल माध्यम से न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# संस्कारधानी का गौरव : राजनांदगांव की सुष्मिता सिंह का भारतीय वन सेवा में चयन



**यूपीएससी आईएफएस-२०२५ में हासिल की देशभर में 32वीं रैंक, पिता के पदचिह्नों पर चलकर पाई सफलता**

राजनांदगांव (दावा)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा शुक्रवार शाम जारी की गई भारतीय वन सेवा परीक्षा 2025 की अंतिम चयन सूची में राजनांदगांव की सुष्मिता सिंह ने बड़ी सफलता हासिल की है। कुल चयनित 148 अभ्यर्थियों में सुष्मिता ने देशभर में 32वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

### देहरादून से बीटेक और फिर सिविल सेवा

सुष्मिता की प्रारंभिक शिक्षा शहर के जेएमजे नवजीवन स्कूल और रॉयल किड्स स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने जैन इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर और डीपीएस भिलाई से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए वे देहरादून गईं, जहाँ यूपीईएस से कंप्यूटर साइंस में बीटेक करने के बाद उन्होंने एक वर्ष तक नौकरी भी की। लेकिन प्रशासनिक सेवा में जाने के लक्ष्य के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह सिविल सेवा की तैयारी में जुट गईं।

### पिता के विरासत को बढ़ाया आगे

सुष्मिता के पिता बीपी सिंह स्वयं भारतीय वन सेवा के प्रतिष्ठित अधिकारी रहे हैं। उन्होंने एसडीओ से लेकर मुख्य वन संरक्षक (ष्टष्टस्न) के पद पर रहते हुए दुर्ग वृत्त सहित विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दी हैं। सुष्मिता ने अपने पांचवें प्रयास में इस कठिन परीक्षा को पास कर अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाया है।

### सफलता का मंत्र : कड़ी मेहनत और परिवार का साथ

अपनी सफलता का श्रेय सुष्मिता ने अपनी माता की प्रेरणा और पिता के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में सफलता के लिए कड़ी मेहनत के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता, परिवार का अटूट समर्थन और ईश्वर की कृपा अत्यंत आवश्यक है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य नागरिकों और इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# आज से फरहद में शिव अमृतवाणी एवं राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन

राजनांदगांव(दावा)। समीपस्थ ग्राम फरहद में आध्यात्मिक जागरूकता एवं सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 11 मई से 17 मई तक 'शिव अमृतवाणी एवं राजयोग मेडिटेशन शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिवसीय शिविर प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक दुर्गा मंच फरहद में आयोजित होगा। कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहकर आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूतियों से सभी को लाभान्वित करेंगी।

शिविर के माध्यम से प्रतिभागियों को सकारात्मक जीवन शैली अपनाने, मन की एकाग्रता बढ़ाने तथा आंतरिक सुख एवं शांति प्राप्त करने की प्रेरणा दी जाएगी। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, मानसिक अशांति और पारिवारिक चुनौतियों के बीच राजयोग मेडिटेशन व्यक्ति को आत्मबल, आत्मविश्वास एवं मानसिक संतुलन प्रदान करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम में यह भी बताया जाएगा कि किस प्रकार आध्यात्मिक चिंतन एवं मेडिटेशन के माध्यम से संबंधों में मधुरता लाई जा सकती है तथा जीवन को सुखमय एवं तनावमुक्त बनाया जा सकता है। शिविर में प्रतिदिन प्रेरणादायी प्रवचन, ध्यान अभ्यास एवं सकारात्मक सोच विकसित करने संबंधी सूत्र बताए जाएंगे।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक शिविर का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह शिविर सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी रहेगा तथा इसमें भाग लेने से व्यक्ति अपने जीवन में नई ऊर्जा, शांति और सकारात्मकता का अनुभव कर सकेगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी भाई ने दी ।

# विधायक भोलाराम साहू ने नवदंपत्ति को दिया आशीर्वाद



खुज्जी(दावा)। ग्राम-केशोटोला (ब.चारभाठा) निवासी श्रीमती निर्मलाबाई सलामे की सुपुत्री दुर्गा एवं वीरेंद्र के विवाह आशीर्वाद समारोह में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने नवदंपत्ति को सुखमय, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विवाह भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण संस्कार है, जो दो परिवारों को आपसी प्रेम, विश्वास एवं सामाजिक बंधन से जोड़ता है। इस अवसर पर प्रताप धावड़े अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा, राजू सिन्हा जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता, परिवारजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ नवदंपत्ति को शुभाशीष प्रदान किया गया तथा पूरे वातावरण में हर्ष एवं उत्साह का माहौल बना रहा।

## पहला कॉलम...

# धारदार चाकू लेकर दहशत फैलाने वाले 2 आरोपी गए जेल




राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में धारदार चाकू लेकर लोगों में दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा है और उन्हें गिरफ्तार कर उनके पास से धारदार चाकू बरामद कर उन्हें जेल की सीखचों में भेज दिया गया है। घटना के संबंध में बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अपराध नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के इस क्रम में रात्रि में संचालित ब्लैक पैंथर टीम को प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मो. मोक्सेद अली पिता असलम अली उम्र 35 वर्ष निवासी सोनापाल थाना धनकोटा जिला संबलपुर उड़ीसा और मो. सुमन खान पिता सलाम खान उम्र 28 वर्ष निवासी जामखंडी सिलोलकर बस्ती जिला भागलकोट झारखंड को पृथक-पृथक स्थानों से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी आम जगह पर धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत एवं आतंकित करते पाए गए। आरोपियों के कब्जे से लोहे के धारदार चाकू बरामद कर जप्त किए गए तथा उनके खिलाफ अपराध क्रमांक 216/2026 एवं 217/2026 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है। इस कार्रवाई में सउनि. डेमिन साहू, प्र.आर. किशोर यादव, म.प्र.आर. सीमा जैन, आरक्षक राजेश बंदेश्वर, रूपेन्द्र वर्मा, कुश बघेल एवं ब्लैक पैंथर टीम के विकास केसरवानी, गुलाब चंद्राकर श्रवण यादव खिलेश पटेल विनोद साहू की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

### जनगणना हेतु जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित

मोहला (दावा)। जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर प्रशासन ने तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। ''मकान सूचीकरण'' एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वेक्षण टीमों द्वारा घर-घर जाकर जानकारी एकत्र की जाएगी। इस व्यापक अभियान की निगरानी और आमजन की सहायता के लिए कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष क्रमांक-22 (जिला सांख्यिकीय अधिकारी कक्ष) में ''जिला स्तरीय जनगणना नियंत्रण कक्ष'' स्थापित किया गया है। यहां कार्यालयीन समय में दूरभाष क्रमांक 07747-299571 पर संपर्क कर जनगणना से जुड़ी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष के संचालन हेतु जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव मोबाइल नंबर 9201621025 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है, जबकि मास्टर ट्रेनर जनगणना बालमुकुंद मिश्रा मोबाइल नंबर 9039961050 को सहायक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# शा. उच्च. माध्य. विद्यालय ढ़ारा के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



प्रियांश | चुनेश्वरी | रूपेश | कुणाल वर्मा | जया | धारण साहू

डोंगरगढ़ /ढारा(दावा)। प्रतिवर्षानुसार अनुसार इस वर्ष भी डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढारा स्थित शा. उच्च. माध्य. विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। कक्षा 12वीं में विज्ञान (जीव विज्ञान) संकाय के छात्र प्रियांश महोबिया ने 500 अंक में से 446 अंक अर्जित कर, 89.02 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वही कक्षा दसवीं के छात्र कुणाल वर्मा ने 600 अंक में से 533 अंक लेकर 88.33 प्रतिशत अंक के साथ अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के विज्ञान (गणित) संकाय की छात्रा चुनेश्वरी रजक ने 85.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय एवं वाणिज्य संकाय के छात्र रूपेश धनकर ने 85.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में जया वर्मा ने 88.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय एवं धारना वर्मा ने 87.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12वीं के संकायवार मेधावी विद्यार्थी कला संकाय में चंचल वर्मा ने 79.02 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, रितेश ने 77.02 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय एवं नारायण ने 71 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में प्रियांश ने 89.02 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, चुनेश्वरी ने 85.08 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय एवं पूनम ने 82.02 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं वाणिज्य संकाय में रूपेश धनकर ने 85.06 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, धर्मीन ने 83.04 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय एवं मोनिका वर्मा ने 83 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष रवि यादव, सदस्यगण, स्कूल की प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

# जब किसी बच्चे ने पहली बार 'मां' कहा




राजनांदगांव (दावा)। किसी मां के लिए इससे बड़ा दर्द शायद ही कोई हो, जब उसका बच्चा बोलना चाहता हो लेकिन शब्द उसके होंठों तक आकर ठहर जाएं। आंखों में भाव हों, मन में इच्छाएं हों, पर आवाज साथ न दे। ऐसे ही अनगिनत घरों की खामोशी को मुस्कान में बदलने का कार्य पिछले दस वर्षों से राजनांदगांव की जानी-मानी स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ एवं स्पेशल एजुकेटर रजनी राठी कर रही हैं। इस मदर्स डे पर उनकी कहानी केवल एक प्रोफेशनल की नहीं, बल्कि उन हजारों माताओं की उम्मीद की कहानी है, जिनके बच्चों को उन्होंने शब्दों का संसार लौटाया।

शहर के मानव मंदिर चौक के पास स्थित उनके सेंटर में हर दिन उम्मीद दस्तक देती है। कोई बच्चा हकलाहट से जूझ रहा होता है, कोई ऑटिज्म के कारण अपनी बात व्यक्त नहीं कर पाता, तो कोई जन्म से ही बोलने में कठिनाई महसूस करता है। ऐसे बच्चों के लिए रजनी राठी सिर्फ एक थैरेपिस्ट नहीं, बल्कि धैर्य, स्नेह और विश्वास का दूसरा नाम बन चुकी हैं। उनकी मधुर मुस्कान और अपनापन बच्चों के मन का डर धीरे-धीरे खत्म कर देता है।

बीते दस वर्षों में वे 1000 से अधिक बच्चों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव ला चुकी हैं। कई ऐसे बच्चे, जिन्हें लोग 'शायद कभी बोल नहीं पाएंगे' कहकर निराश हो चुके थे, आज स्पष्ट शब्दों में अपने माता-पिता को 'मां' और 'पापा' कहकर पुकार रहे हैं। जब किसी बच्चे की पहली आवाज उसके माता-पिता के कानों तक पहुंचती है, वह पल किसी चमत्कार से कम नहीं होता। उन भावुक क्षणों में कई मांओं की आंखों से खुशी के आंसू बह पड़ते हैं। मदर्स डे के अवसर पर रजनी राठी की भूमिका और भी विशेष हो जाती है, क्योंकि वे केवल बच्चों का परामर्श नहीं करतीं, बल्कि माताओं को भी मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं। कई बार निराश हो चुकी मांओं को वे समझाती हैं कि हर बच्चा अपनी गति से आगे बढ़ता है। उनका कहना है कि 'एक मां का धैर्य और प्यार ही बच्चे की सबसे बड़ी ताकत होता है।' यही कारण है कि उनके सेंटर से जुड़ी माताएं उन्हें एक विशेषज्ञ के साथ-साथ परिवार के सदस्य जैसा सम्मान देती हैं।

रजनी राठी का मानना है कि, हर बच्चे के भीतर एक अनोखी प्रतिभा छिपी होती है, बस उसे सही दिशा और संवेदनशील सहयोग की जरूरत होती है। वे आधुनिक तकनीकों और विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों के संचार कौशल को विकसित करने में लगातार कार्य कर रही हैं। उनका यह समर्पण केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति सेवा का जीवंत उदाहरण बन चुका है।

आज जब पूरा देश मदर्स डे मना रहा है, तब राजनांदगांव की यह बेटी अनगिनत घरों में मुस्कान और आवाज का कारण बनी हुई है। जिन बच्चों के शब्द कभी अधूरे थे, आज वही बच्चे आत्मविश्वास के साथ दुनिया से संवाद कर रहे हैं। सच कहा जाए तो रजनी राठी उन माताओं के सपनों की वह रोशनी हैं, जिन्होंने अपने बच्चों की आवाज खोने नहीं दी।

### कार और बाइक में आमने-सामने भिड़ंत, तीन की मौत

बालोद (दावा)। डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। खैरडीह गांव के पास कार और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान तरुण कुमार यादव (20) और राहुल सेवता (20) निवासी सीर्राभाठा तथा नरेंद्र भुआर्य (21) निवासी ग्राम मुड़खुसरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक बाइक से देवरी की ओर से डौंडीलोहारा आ रहे थे, जबकि कार दल्लीराजहरा से राजनांदगांव की तरफ जा रही थी। इसी दौरान खैरडीह गांव के पास दोनों वाहनों में तेज टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

# गरीबों के निवाले पर सरकार का 'डेडलाइन डाका', 15 मई के बाद राशन लैप्स हुआ तो जिम्मेदार होगी सरकार- ऋषि शास्त्री



राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश सरकार एक ओर अप्रैल माह से 'राशन त्यौहार' मनाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर गरीब और जरूरतमंद परिवार राशन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने जिला खाद्य अधिकारी के नाम से सोशल मीडिया के माध्यम से जारी 15 मई की समय-सीमा (डेडलाइन) को 'तुगलकी फरमान' बताते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला है।

ऋषि शास्त्री ने कहा कि, जिस राशन वितरण व्यवस्था को सरकार उत्सव की तरह प्रस्तुत कर रही है, वह वास्तव में गरीबों की परेशानी, अपमान और मजबूरी का प्रतीक बन चुकी है। हाल ही में बसंतपुर क्षेत्र में शहर कांग्रेस सचिव आशीष साहू एवं जय जायसवाल सहित स्थानीय रहवासियों के बुलावे पर वे वार्ड क्रमांक 46 की राशन दुकान पहुंचे, जहां तकनीकी कारणों से कई दिनों तक राशन वितरण बाधित रहने की जानकारी मिली।

उन्होंने बताया कि, वर्तमान में राशन दुकान में मई और जून माह का चावल तथा केवल एक माह की शक्कर वितरित की जा रही है, जबकि नमक भी अनुपलब्ध है। शास्त्री ने आरोप लगाया कि जिन सामग्रियों के वितरण की अंतिम तारीख तय की जा रही है, उनका पर्याप्त स्टॉक अब तक राशन दुकानों तक पहुंचा ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि, सरकार तीन माह का राशन देने का दावा कर रही है, लेकिन अधिकांश दुकानों में केवल एक माह की शक्कर ही उपलब्ध कराई गई है। जिले की लगभग 45 प्रतिशत राशन दुकानों में नमक तक नहीं पहुंचा है। ऐसे में गरीब परिवारों को बिना नमक भोजन करने की स्थिति में धकेला जा रहा है।

ऋषि शास्त्री ने तंज कसते हुए कहा कि, 15 मई को ईपीओएस मशीन लॉक करने की जल्दबाजी इसलिए दिखाई जा रही है ताकि बचा हुआ राशन कालाबाजारी की भेंट चढ़ सके। जब दुकानों में राशन सामग्री ही उपलब्ध नहीं है, तो हितग्राहियों को वितरण कैसे संभव होगा? उन्होंने कहा कि, भीषण गर्मी में बुजुर्ग, महिलाएं और मजदूर सुबह से शाम तक राशन दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। सर्वर की खराबी के कारण दिनभर में केवल 12 से 15 राशन कार्ड ही अपडेट हो पा रहे हैं। वहीं ई-केवाईसी के नाम पर हजारों पात्र हितग्राहियों का राशन रोककर सरकार अपनी गरीब विरोधी मानसिकता उजागर कर रही है।

उन्होंने कहा कि, जिस योजना में जनता को चिलचिलाती धूप में घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़े और अंत में खाली हाथ लौटना पड़े, उसे 'त्यौहार' कहना गरीबों का अपमान है। सरकार को इसका नाम बदलकर 'राशन परेशानी अभियान' कर देना चाहिए। ऋषि शास्त्री ने मांग की है कि, जब तक नमक और शक्कर का 100 प्रतिशत स्टॉक सभी राशन दुकानों में भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं हो जाता, तब तक ईपीओएस लॉक करने का निर्णय स्थगित किया जाए। 15 मई की समय-सीमा बढ़ाकर कम से कम 31 मई तक की जाए तथा ई-केवाईसी की तकनीकी समस्याओं में फंसे गरीब हितग्राहियों को बिना शर्त तत्काल राशन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि, यदि 15 मई के बाद एक भी गरीब परिवार का राशन लैप्स होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।







**नाम त्रुटि सुधार की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हुस्न आरा पति मोहम्मद ईरशाद मेमन जिसे अंग्रेजी में नाम HUSNA AARA पति MOHAMMAD IRSHAD MEMON लिखा जाता है। मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम हिन्दी में सही अंकित है परन्तु अंग्रेजी नाम में मेरे नाम की स्पेलिंग HUSHN AARA त्रुटिवश अंकित है। उक्त त्रुटि को सुधार कर अंग्रेजी में सही नाम HUSNA AARA राजपत्र के माध्यम से प्रकाशित किया जाना है। मुझे सही नाम से जाना पहचाना जावे।

हुस्न आरा ( HUSNA AARA )
पति मोहम्मद इरशाद मेमन
निवासी- पुराना बस स्टैण्ड
राजनांदगांव (छ.ग.)

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

137-1 288-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# गरज-चमक के साथ हुई बारिश, ओले भी गिरे, लोगों को गर्मी से मिली राहत

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों मौसम के अचानक पलटा खाने से गरज-चमक के साथ बारिश होने की स्थिति बन रही है। पिछले तीन-चार रोज से शाम के समय यह नजारा देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी मे बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश होने से जहां भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोडी राहत मिली है वहीं बिजली का रोना लोगों को गर्मी और उमस से भर दे रहा है। इससे लोग बेचैनी का अनुभव कर रहे हैं।

शनिवार 9 अप्रैल को तो बिजली वालों ने हद कर दी। दिन के समय जब न तेज हवा -तूफान चल रहे थे और न गरज -चमक के साथ बारिश हो रही थी इससे बावजूद दिन में दिन में दसियो बार विद्युत आपूर्ति बंद किया गया। इधर जैसे ही शाम होने का समय आया, थोड़ी सी हवा -तूफान चलने क्या लगी। बिजली वालों ने सीधे एक घंटे के लिए लाईन गुल कर दी। पंखे कूलर एसी बंद होने से लोग चिपचिपी गर्मी वाली उमस में छटपटाते रहे।



○ दिन भर रुलाया बिजली ने, बार-बार बिजली बंद से मेंटनेंस की खुली पोल
○ कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन का कोई असर नहीं

बता दें कि पिछले दिनों कांग्रेस वालों ने आए दिन बिजली गुल और बेमतलब की बिजली कटौती से परेशान होकर धरना प्रदर्शन किया था। उसके बाद भी बिजली वालों के कान में जूं तक नहीं रेंगी। कभी मेंटनेंस के नाम पर तो कभी भीषण गर्मी मे लोड बढ़ने से बिजली कटौती के नाम पर दिन में दसियो बार बिजली बंद कर लोगों को परेशान करते रहे।

बता दें कि मार्च माह लगने के बाद से गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। अप्रैल माह में तो रिकॉर्ड गर्मी पड़ी । इससे तापमान का पारा 45 डिग्री तक छू गया। इसके बाद भी बिजली का रोना बंद नहीं हुआ। अप्रैल माह में लगभग सप्ताह भर तो शहर भीषण गर्मी से तपता रहा इसके बावजूद विद्युत मंडल ने मेंटनेंस का काम शुरू की। दो चरणों में उनका मेंटनेंस का काम लगभग माह भर तक चला। इस दौरान प्रभावित क्षेत्रों में 4 से 5 घंटे तक बिजली बंद रही। इसमें मेंटनेंस के अलावा अघोषित कटौती को भी लोगों को झेलना पड़ा।

### मेंटनेंस के बाद भी विद्युत आपूर्ति में बाधा

मेंटनेंस के समय बिजली वालों द्वारा तर्क दिया जाता था कि मेंटनेंस होगा तो मानसून के समय विद्युत आपूर्ति में बाधा नहीं आएगी। लेकिन मेंटनेंस होने के बाद भी विद्युत आपूर्ति में बाधा आ रही है। घंटो बिजली बंद किए जा रहे हैं। हल्की बूंदाबांदी व हवा की लहर चलने व बारिश होने से फट से लाइन कट कर दी जा रही है। इससे विद्युत मंडल वालों की कथित मेंटनेंस की पोल खुल रही है। दैनिक दावा कार्यालय बल्देव बाग क्षेत्र में बीती रात 7 बजे के आसपास बिजली गई। इसके चलते लोगों को डेढ़ घंटे तक अंधेरे में रहना पड़ा। बता दें कि बल्देव बाग क्षेत्र में दो-दो अंचल के प्रतिनिधि अखबार के दफ्तर है। बिजली गुल होने से अखबार छपाई के काम पर असर पड़ता है। प्रेस से लालबाग फीडर वाले को फोन लगाने पर टीम निकल गया है का जवाब मिलता रहा लेकिन उक्त टीम डेढ़ घंटे बाद आई और ट्रांसफार्मर को सुधारने के बाद लगभग 9 बजे विद्युत आपूर्ति में सुधार आया।

### लोगों के सब्र की ली जा रही परीक्षा

बुधवार की रात भी जरा सी आंधी तूफान का माहौल बनते ही बिजली की आंख मिचौली होते रही। शनिवार को शाम होते ही आंधी-तूफान व गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इसका शुरू होना ही था कि ऐसी बिजली बंद हुई की लोग गर्मी के साथ उमस से बेचैन होते रहे। मैटनेस किए जाने के बाद भी भीषण गर्मी के दिनों में शहरवासियों को बिजली के लिए रुलाया जा रहा है। भीषण गर्मी मे लोगों की सब्र की परीक्षा ली जा रही है। लोगों का सब्र कहीं उलटा न पड़ जाए इसे बिजली वालों को ध्यान देना चाहिए।

# आकाशीय बिजली गिरने से सोमनी के दो युवकों की मौत



राजनांदगांव(दावा)। जिले के सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान डोमेंद्र बघेल पिता ईश्वर बघेल उम्र 20 वर्ष, निवासी सोमनी और नीलकमल निषाद पिता संतोष निषाद उम्र 19 वर्ष, निवासी सोमनी के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि देर शाम मौसम खराब होने और गरज-चमक के बीच आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में दोनों युवक आ गए। घटना के बाद दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बारिश और गरज-चमक के दौरान लोगों से खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास खड़े नहीं रहने की अपील की जा रही है।

# अवि मानिकपुरी का अंडर 18 में इंडिया टीम में हुआ चयन




15 मई से आस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज भोपाल में

राजनांदगांव(दावा)। श्री गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक स्कूल राजनांदगॉव के छात्र अवि मानिकपुरी का अंडर 18 आयु वर्ग में इण्डिया आस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज जो भोपाल में दिनांक 15 मई से आयोजित है, के लिए सेन्टर हॉफ पोजिशन से (राजगिर बिहार) में शानदार प्रदर्शन करने हुए चयन समिति व हॉकी प्रेमी दर्शकों के सामने उतकृष्ट खेल के प्रदर्शन से यह स्थान प्राप्त किया है। यह छत्तीसगढ, राजनांदगॉव एवं पुरे राज्य के लिये गौरव की बात है। हॉकी के नर्सरी राजनांदगॉव से खिलाडी अवि के इस उपलब्धि के लिये संस्था प्रमुख स. जरनैल सिह भाटिया, सचिव प्रो. हरजित भाटिया, प्राचार्य डॉ. रश्मि साव, छत्तीसगढ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अनुराज श्रीवास्तव, योगेश द्विवेदी, कु. महिमा यादव सहित खेल प्रेमीयों एवं पुरे स्कूल स्टाफ ने छात्र एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बाधाई एवं शभकामनाएं दी।


# महाराणा प्रताप जयंती पर महापौर ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

राजनांदगांव (दावा)। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर 9 मई को रामकृष्ण नगर चौक में नगर निगम द्वारा स्थापित प्रतिमा में महापौर मधुसूदन यादव ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के अलावा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में महाराणा प्रताप की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।




इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि, महाराणा प्रताप मेवाड़ के सिसोदिया राजपूत राजवंश के एक महान शासक और योद्धा थे, जिन्होंने मुगल बादशाह अकबर के सामने झुकने के बजाय संर्घष चुना। वे अपनी वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम के लिए अमर है। उन्होंने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए घास की रोटी खाना स्वीकार किया, लेकिन मुगलों के आगे घुटने नहीं टेके। महाराणा प्रताप के सबसे प्रिय, वफादार और बहादुर घोड़े का नाम चेतक था। कहा जाता है कि, वे युद्ध के मैदान में 81 किलो का भाला और लगभग 72 किलो का कवच पहन कर लड़ते थे। उन्होंने मुगलों से मेवाड़ के अधिकांश हिस्से को वापस पाने में सफलता हासिल की। महापौर ने कहा कि, ऐसे महान शासक और योद्धा के जयंती मनाने पर गौरव का अनुभव हो रहा है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने भी महाराणा प्रताप के जयंती पर उनके योगदानों को याद किया। माल्यार्पण अवसर पर पार्षद शिव वर्मा, दुरेन्द्र साहू, सेवक उइके, मनोहर यादव, संतोष साहू, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुंरजेकर व संतोष निर्मलकर, करणी सेना अध्यक्ष संजय बहादुर सिंह सहित प्रमोद साहू, जीवन चतुर्वेदी, गोल्डी भदोरिया, ढालेश वैष्णव, आशीष सिन्हा, कांति मौर्य, संगीता मानिकपुरी, दुर्गा सिंह गौरीराहा, रीता राहा, नरेश कोचरे आदि उपस्थित थे।

# अंधेरे में कैसे हो मरीजों का ईलाज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का बुरा हाल



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में समस्याओं का अंत होता नजर नहीं आ रहा है। लगातार स्थाई स्टॉफ की कमी से जूझ रहा यह अस्पताल मरीजों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। अस्पताल के प्रारंभ होने के बाद से पानी की कमी किसी से छिपी नहीं है, वहीं अस्पताल में बिजली गुल होने के बाद मरीज से लेकर अस्पताल स्टॉफ तक गर्मी से उबलते रहते हैं, वहीं सभी उपकरण भी बगैर बिजली के बेकार हैं। पानी की समस्या के चलते अस्पताल के कुछ कमरों में कूलर के स्थान पर एसी भी लगाया गया है किन्तु बिजली के लगातार बाधित होने से यह एयर कंडीशन भी कोई काम का नहीं है। अव्यवस्था का आलम यह है कि अस्पताल में लाखों रूपये का जनरेटर भी बेकार पड़ा है, वहीं पुराने अस्पताल में संचालित सोलर प्लांट भी अनुपयोगी हो चुका है। ऐसे में बिजली गुल होने के बाद वार्डों में भर्ती मरीजों की बेचैनी काफी बढ़ जाती है, जिसकी चिंता क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को नहीं है।

## आम आदमी पार्टी कल नगर पंचायत घुमका का करेंगी घेराव

घुमका (दावा)। आम आदमी पार्टी द्वारा कल 11 म ई को घुमका नगर पंचायत का घेराव करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। बताया जाता है कि नगर पंचायत घुमका वहां की आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। इसके ग्रामीणो में आक्रोश है। इसे लेकर कल 11 मई को आम आदमी पार्टी के जमुना लाल कोचले और पार्टी के लोगों द्वारा दोपहर एक बजे नगर पंचायत कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# आज रामचरित मानस बच्चों के लिए शिविर का शुभारंभ

राजनांदगांव(दावा)। गायत्री महिला मंडल के द्वारा गायत्री विद्यापीठ केशर नगर में आज 10 मई से 20 मई तक 11 दिवसीय रामचरित मानस बच्चों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में बच्चों को हमारे सनातन धर्म के ग्रंथों से परिचित कराया जायेगा। रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों के द्वारा जीवन जीने की कला, नैतिक मूल्य और अच्छी-अच्छी आदतें, विभिन्न एक्टिविटी, गेम्स, कहानी के माध्यम से सिखाई जाएगी। बच्चों को विशेष मंत्र सिखाए जाएंगे। साथ ही हमारे ग्रंथों का महत्व एवं उसके अनुरूप अपना जीवन कैसे जीना चाहिए, इसके बारे में भी बताया जाएगा। बच्चों को सनातन धर्म से जोड़ने, उसका महत्व समझने एवं उनके चरित्र निर्माण के लिए हमारे सनातन धर्म ग्रंथों का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है, इस विषय में बताया जायेगा। गायत्री महिला मंडल की श्रीमती रूपाली हरीश गांधी, श्रीमती दीपा ठक्कर एवं श्रीमती खुशी सोनछत्रा के द्वारा कक्षाएं ली जाएगी। जिसमें गायत्री महिला मंडल की सभी बहने एवं विभिन्न समाज की बहन भाइयों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है।



पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के संरक्षण व उनके सूत्रों पर आधारित

गायत्री परिवार और गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृज किशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, स्पोर्ट्स डायरेक्टर सागर चितलांग्या, गायत्री परिवार से जुगल किशोर लड्ढा, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य अंकित व्यास, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बड़ी से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है। कार्यक्रम का शुभारंभ आज 10 मई को सुबह 8:30 बजे बहुत ही दिव्य तरीके से धार्मिक वातावरण में समाज के सभी प्रमुख प्रतिष्ठित लोगों के कर कमल के द्वारा किया जाएगा। श्रीमती गांधी ने बताया कि, इस शिविर के लिए अभिभावकों का उत्साह बढ़-चढ़कर देखने मिल रहा है, 100 से भी अधिक बच्चों की एंट्री इसमें आई है। इससे यह प्रदर्शित होता है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को अपने सनातन धर्म ग्रंथों से जोड़ने के लिए उत्सुक है। आप सभी के सहयोग से यह शिविर कुशलतापूर्वक संपन्न हो यही प्रार्थना है।

# बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को आरकेसी में मुफ्त शिक्षा का शानदार ऑफर



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कन्वेंट स्कूल प्रबंधक संजय बहादुर सिंह ने किसी भी बोर्ड के विद्यालय में कक्षा 10वीं एवं स्टेट बोर्ड में 5वीं और 8वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले किसी भी स्कूल के मेधावी छात्रों के लिए एक विशेष योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत योग्य छात्रों को पूर्ण रूप से मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि ये सीटें बेहद सीमित हैं, इसलिए इच्छुक छात्र और उनके अभिभावक तत्काल स्कूल कार्यालय से संपर्क करें। यह अवसर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा देने का सुनहरा मौका है। अधिक जानकारी के लिए स्कूल कार्यालय से संपर्क करें। शाला अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी एवं समस्त मेंबर्स ने इस घोषणा का स्वागत किया है।

## स. इंदरजीत सिंह ग्रेवाल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। श्री गुरु सिंघ सभा राजनादगांव के संरक्षक सनसिटी निवासी स. इंदरजीत सिंह जी ग्रेवाल का आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपने पीछे दो पुत्र रम्मी ग्रेवाल, सन्नी ग्रेवाल से भरापूरा परिवार छोड़ गये है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान सनसिटी एनएक्स जी-29 से दिनांक 10 मई 2026 को सुबह 10.30 बजे निकाली जाएगी।

# शासकीय महाविद्यालय चिल्हाटी में निर्माणाधीन महाविद्यालय भवन का किया निरीक्षण

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। स्थानीय शासकीय महाविद्यालय चिल्हाटी में जनभागीदारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक पश्चात महाविद्यालय भवन निर्माण का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### निर्माणाधीन भवन का लिया जायजा

बैठक के पश्चात जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने निर्माणाधीन महाविद्यालय भवन का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने की बात कही।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य शांति त्रिपुरे, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक अम्बर जोशी, अवधेश त्रिपाठी, मंडल कोषाध्यक्ष देवनारायण कुंभकार, व्यसनारायण साहू एवं श्रीमती कल्पना वट्टी उपस्थित रहीं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और महाविद्यालय स्टाफ भी मौजूद रहा।

निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि, क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण और आधुनिक भवन उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। निर्माण कार्य पूर्ण होने से चिल्हाटी क्षेत्र के विद्यार्थियों को काफी सुविधा होगी।

नवीन शासकीय महाविद्यालय चिल्हाटी में सत्र 2026-27 की पहली जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के नवनियुक्त जनभागीदारी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा पूर्व सदस्यों को विदाई दी गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा दिलीप वर्मा, मीडिया प्रभारी अवधेश त्रिपाठी, सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा के अंबर जोशी, जिला पंचायत सदस्य शांति बाई त्रिपूरे, सरपंच डिम्पल मंडावी, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष कल्पना वट्टी एवं देवनारायण कुंभकार उपस्थित रहे। बैठक में नवनियुक्त जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुशीला गावरे सहित हेमंत शाह कुंजाम, व्यास नारायण साहू, हीरालाल साहू, मन्नू लाल लाड़े, मधुसूदन गावरे एवं अशोक साहू शामिल हुए। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. के.आर. रावटे, दानदाता प्रतिनिधि पंकज झा, पूर्व छात्र प्रतिनिधि धीरज अंबादे, वरिष्ठ प्राध्यापक सदस्य चंपा गावरे तथा महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# मॉन्टेसरी (अंग्रेजी माध्यम) प्ले स्कूल मुसरा का परिणाम उत्कृष्ट रहा



डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। मॉन्टेसरी स्कूल मुसरा का बोर्ड परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान प्रिंस राजपूत 97.3 प्रतिशत, द्वितीय स्थान दिव्यांश गिरी गोस्वामी 95.3 प्रतिशत, तृतीय स्थान वेदांश कंवर 94.3 प्रतिशत, कक्षा चौथी में प्रथम स्थान मिनाक्षी कंवर 95.66 प्रतिशत, द्वितीय स्थान गुंजन साहू 93.33 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर आयुष वर्मा 93 प्रतिशत, कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान पर गौरव कुमार निषाद 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कोमेश्वरी लहरे 95.50 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर निशांत कुमार वर्मा 89.50 प्रतिशत, कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान पर उत्कर्ष धुर्वे 92 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर हितेश वर्मा 89 प्रतिशत, राशी साहू 80.70 प्रतिशत, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान पर जानवी नंदेश्वर 92.71 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर चेतना सिंह राजपूत 89.14 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर तामेश्वरी शर्मा 81.14 प्रतिशत प्राप्त किया।

इस अवसर पर संस्था के संचालक बसंत वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिये, साथ ही स्कूल के प्राचार्या के साहू मैम और समस्त स्टाफ़ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई और साथ ही स्कूल के अध्यक्ष बली बंजारे एंव सचिव श्रीमति क्रांति निर्मलकर सहित पालक गण उपस्थित रहें।

# ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों का उत्साह, राजा फतेह सिंह खेल मैदान में बहा रहे पसीना




खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी के राजा फतेह सिंह खेल मैदान जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में आयोजित ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर 2026 में बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में संचालित शिविर में बड़ी संख्या में बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग लेकर नियमित अभ्यास कर रहे।

शिविर में खिलाड़ियों को फुटबॉल की बुनियादी तकनीक, बॉल कंट्रोल, पासिंग, फिटनेस और टीम समन्वय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों की देखरेख में खिलाड़ी सुबह-शाम मैदान में जमकर अभ्यास कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिविर में बालिकाओं की सहभागिता भी उत्साहजनक रही।

युवा खिलाड़ी पूरे जोश और ऊर्जा के साथ मैदान में अभ्यास करते नजर आए। ग्रामीण अंचल के बच्चों में फुटबॉल के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों के लिए बेहतर मंच साबित हो रहा है।

प्रशिक्षक शितांशु गुप्ता ने बताया कि, ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बच्चों में खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें अनुशासन, फिटनेस एवं टीम भावना के प्रति जागरूक करना है। शिविर में खिलाड़ियों को फुटबॉल की तकनीकी बारीकियों के साथ नियमित अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि, बालक एवं बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी उत्साहजनक है और खिलाड़ियों में सीखने की ललक साफ दिखाई दे रही है।

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बच्चों को खेलों से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को सही दिशा देना है। खिलाड़ियों एवं अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए सकारात्मक और प्रेरणादायी प्रयास बताया।

# समाधान शिविर में श्रीमती सीमापूरी गोस्वामी को मिला आयुष्मान कार्ड



मोहला (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत समाधान शिविर के माध्यम से शासन द्वारा देश के गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। विचारपुर समाधान शिविर के माध्यम से अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम मुढ़पार की रहने वाली श्रीमती सीमापूरी गोस्वामी कों शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। जिसके लिए उन्होंने नें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद करते हुए श्रीमती गोस्वामी कहतीं हैं इस योजना से अब स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज की चिंता नहीं रही है। बता दें कि कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश पर जिले के विभिन्न विकासखण्डों में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में जहां जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही भी अपनी कहानी बता रहे हैं। इस योजना के तहत पात्र बीपीएल परिवारों को 5 लाख रुपए तक एपीएल परिवारों को 50 हजार रूपये का स्वास्थ्य बीमा केंद्र सरकार मुहैया कराती है। परिवार को आयुष्मान कार्ड जारी किया जाता है. इस कार्ड को दिखाकर सूचीबद्ध अस्पतालों में फ्री इलाज कराया जा सकता है।

## अनमोल दावा

**हार तो वो सबक है, जो आपको बेहतर होने का मौका देगी।**

## सम्पादकीय

# पश्चिम बंगाल : क्या चुनाव आयोग निष्पक्ष और न्यायिक चुनाव कराने में असफल रहा?

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने का देखा था सपना, जो अब साकार हो गया, मूर्तरूप में परिणित हुआ। दीदी गई, दादा आ गए । शुभेन्दु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद के शपथ समारोह में अन्य पांच विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली है।

लेकिन, इसके बाद भी एक गंभीर प्रश्न यथावत है। देश की लोकतंत्र व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ, भारतीय चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता बाबत गंभीर प्रश्न उपस्थित हुवे हैं। राजनैतिक दल तृणमूल कांग्रेस की नेत्री ममता बेनर्जी ने घोषित किए सार्वजनिक परिणामों को स्वीकार नहीं किया था। इस कारण, उन्होंने सी.एम. पद से इस्तीफा नहीं दिया । फलस्वरूप, राज्यपाल ने अपने अधिकारों का उपयोग करते हुवे विधानसभा को भंग कर दिया और ममता बेनर्जी को सी.एम. पद से बर्खास्त कर दिया था।

इस समय मुख्य मुद्दा मात्र राजनैतिक आरोपों -प्रत्यारोपों तक सीमित नहीं है। पश्चिम बंगाल में प्रबुद्ध जनता में भी चुनाव आयोग की विश्वसनीयता बाबत छाए संदेहों के घने बादल अभी छटे नहीं हैं। पिछले दो सालों से, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली बाबत अनेक आरोप लगे हैं। यहां मुख्य मुद्दा ''गुप्तता'' का है। पूर्व में, चुनाव आयोग तमाम राजनैतिक दलों के साथ परामर्श करके तमाम चुनावी प्रंबधन को अंजाम देता था। मतदान सूंची से लेकर मतदान होनें तक की सभी जानकारियां आन लाईन उपलब्ध करा दी जाती थीं। पिछले अनेक वर्षों में ज्ञानेन्द्र कुमार चुनाव आयुक्त बनें तभी से उक्त व्यवस्थाएं बदल गई हैं। जिसके कारण, चुनाव आयोग पर शंकाए बढ़ रही हैं। मतदाता सूचियों मतदान का प्रतिशत और मतगणना संबंधित सूचनाएं सार्वजनिक करने के बदले, चुनाव आयोग ने गुप्तता को बरकरार रखने का काम करता रहा। इससे चुनाव आयोग की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्न उठे हैं। लोकतंत्र में, ''सूचना का अधिकार'' नागरिकों का मूलभूत अधिकार है। जब कि, चुनावी जानकारी जैसी संवेदनशील जानकारी को गुप्तता के दायरे में रखा जाता है तब स्वाभाविक रूप से शंका में इजाफा होता है। इसके अलावा यह कि चुनाव आयोग बारम्बार मनस्वी रूप से नियमों में सुधार कर रहा है। जो सत्ता- अधिकार संसद के पास है, उस अधिकार का उपयोग चुनाव आयोग कर रहा है। निःसंदेह यह कार्य संदेहास्पद है। निर्वाचन की सूचना जारी होनें के बाद चुनावी आयोग की मनमानियां और पक्षपात की शुरूवात होती है।

जिन राज्यों में डबल इंजिन की सरकारें हैं उन क्षेत्रों में अलग-अलग नियम लागू पड़ते हैं। जब कि, केन्द्र सरकार सिवाय के विपक्षी दलों की सरकारें हैं, उन क्षेत्रों में अधिकारियों व अन्य की नियुक्तियों पर विवाद उत्पन्न हुवे हैं। चुनाव आयोग की जवाबदारी केवल चुनाव कराने की ही नहीं है। परन्तु, तमाम दलों के लिए समान अवसरों को सुनिश्चित करने की और तमाम चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के साथ समान निष्पक्षता के साथ व्यवहार करना भी सुनिश्चित होता है।

पश्चिम बंगाल के चुनाव के लिए लाखों अर्द्धसैनिक दलों की तैनाती इस समय विवाद का गंभीर विषय बन गया है। भाजपा शासित राज्यों के अधिकारियों को बंगाल में बड़ी संख्या में तैनात कर दिया था । सुरक्षा कारणों से इसे जरूरी माना गया था। इस दौरान, विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग पर इच्छित परिणाम प्राप्त करने के लिए मिलीभगत करने का आरोप लगाया गया। चुनाव आयोग ने भाजपा की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही की थी। चुनाव आयोग आदर्श आचारसंहिता के उल्लंघन बाबत विपक्षी दलों की शिकायतों को गंभीरता से न लिया और न ही उस पर ध्यान दिया था। टी.एम.सी. से लेकर तमाम राज्यों तक के तमाम विपक्षी दलों के द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है।

राजनैतिक दलों ने महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में 2024 की विधानसभा और लोकसभा में अनियमित तौर तरीकों का बार-बार चुनाव आयोग पर आरोप लगा है। चुनाव आयोग ने न ही किसी शिकायतों पर स्पष्टता दी है और न ही आरोपों और आपत्तियों बाबत कोई जांच प्रक्रिया हाथ में ली है। विपक्ष को कहीं भी चुनाव आयोग से उचित प्रतिसाद नहीं मिला । जिसके कारण, चुनाव आयोग की निष्पक्षता बाबत आम शंकाए उत्पन्न हुई है। चुनाव आयोग किस लिए सभी जानकारियां छिपाने और गुप्त रखना चाहता है? पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी कालान्तर में जनरल इलेक्शन प्रभारी और चुनाव आयोग के द्वारा नियमों में किए गए परिवर्तन बाबत हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में ये सारे मुद्दे उठाकर आवेदन दिया था। किन्तु उनका सद्प्रयास असफल रहा । सुप्रीम कोर्ट ने इस पर यह कहा था कि, चुनाव आयोग के पास विशेष अधिकार हैं और वह ऐसी परिस्थिति में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा । फलस्वरूप, चुनाव आयोग की संदिग्ध भूमिका की चर्चा भी हो रही है। लाखों मतदाताओं को एस.आई.आर. के जरिए ठीक चुनाव के एक माह के अंतराल में मतदाता सूची से बाहर करना भी चकित करने जैसा है। अगर भविष्य में जनता को यह समझ में आ गया कि चुनाव न्यायपूर्ण सम्पन्न नहीं हुवे हैं तो इसकी तीव्र प्रतक्रिया संभव है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह बहुत ही खतरनाक संकेत हैं।

# सोमनाथ : आस्था, संकल्प और पुनर्जागरण की अनंत धारा



**गजेन्द्र सिंह शेखावत**

*नमः शिवाय, हन्यते हन्यमाने शरीरे*
*(शरीर के नष्ट होने पर भी आत्मा नष्ट नहीं होती।)- भगवद्गीता 2.20*

श्रीमद्भगवद्गीता के इस श्लोक में निहित भाव और भारतीय सभ्यता की सनातन चेतना का सबसे जीवंत स्वरूप गुजरात के काठियावाड़ क्षेत्र के दक्षिणी तट पर स्थित सोमनाथ मंदिर में दिखाई देता है। बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माने जाने वाले सोमनाथ ने इतिहास में अनेक आक्रमणों और विनाश को सहा, लेकिन हर बार फिर खड़ा हुआ और उसकी आरती, घंटियों और श्रद्धा की ध्वनि कभी थमी नहीं।

भारतीय इतिहास के हजारों वर्षों में सनातन धर्म ने कई तरह की चुनौतियों का सामना किया। राजनीतिक परिवर्तन, आक्रमण और सत्ता परिवर्तन के दौर में मंदिरों, मठों और ज्ञान केंद्रों को नुकसान पहुंचाया गया, उनकी संरचनाएं बदली गईं और उन्हें संरक्षण देने वाली व्यवस्थाएं भी प्रभावित हुईं। इसके बावजूद भारतीय आध्यात्मिक परंपरा न केवल जीवित रही, बल्कि समय के साथ स्वयं को पुनर्स्थापित भी करती रही। इसकी सबसे बड़ी शक्ति यही रही कि संस्थागत क्षति और राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद इसकी आत्मा कभी समाप्त नहीं हुई।

प्राचीन और मध्यकालीन भारत में मंदिर केवल पूजा के स्थल नहीं थे, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के भी केंद्र थे। राजसत्ता से उनके गहरे संबंध के कारण वे युद्ध और संघर्ष के समय सबसे पहले निशाने पर आए। महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ पर किया गया आक्रमण इतिहास की सबसे चर्चित घटनाओं में से एक है। फारसी ग्रंथों में इसे विजय के रूप में प्रस्तुत किया गया, जबकि भारतीय परंपरा में इसे पीड़ा, संघर्ष और पुनर्निर्माण की कथा के रूप में याद किया गया। लेकिन ऐतिहासिक सत्य यह है कि सोमनाथ कभी श्रद्धा से विलुप्त नहीं हुआ। चालुक्य शासकों सहित अनेक राजाओं ने इसका पुनर्निर्माण कराया और यह निरंतर आस्था का केंद्र बना रहा। ऐसी अनेक घटनाएं भारत के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिलती हैं।

Credit: Somanatha and Other Medieval Temples in Kathiawad. 1931. Archaeological Survey of India, Vol. XLV, Imperial Series. Calcutta: Government of India.

सोमनाथ का इतिहास केवल एक आक्रमण की कहानी नहीं है। प्राचीन काल से ही प्रभास पाटन एक महान तीर्थभूमि रहा है। इसे विभिन्न ग्रंथों और परंपराओं में प्रभास-पट्टन, शिव-पट्टन और प्रभास-तीर्थ जैसे नामों से जाना गया। यहां तीन पवित्र नदियों का संगम होता है और यही वह स्थान माना जाता है जहां भगवान श्रीकृष्ण के देहत्याग के बाद उनका अंतिम संस्कार हुआ। निकट ही वैराग्य क्षेत्र और गोपी तालाब स्थित हैं, जहां से गोपी चंदन प्राप्त होता है। इस संपूर्ण क्षेत्र की यात्रा को भारतीय तीर्थ परंपरा में अत्यंत पवित्र माना गया है। काठियावाड़ और गुजरात की प्राचीन धरोहरों पर आधारित कई ऐतिहासिक अभिलेखों और पुरातात्विक रिपोर्टों में भी इस क्षेत्र का उल्लेख मिलता है। सोमनाथ भारत की समावेशी सांस्कृतिक परंपरा का भी प्रतीक है। यह शैव और वैष्णव परंपराओं के अद्भुत संगम का केंद्र है और हमें यह याद दिलाता है कि भारतीय संस्कृति हमेशा से बहुलतावादी और समावेशी रही है।

### सोमनाथ के 1000 वर्ष



स्वतंत्र भारत में सोमनाथ के पुनर्जागरण का आधुनिक अध्याय 12 नवंबर 1947, दीपावली के दिन आरंभ हुआ, जब देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस पवित्र स्थल का दौरा किया। विभाजन की पीड़ा के बीच सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। यह केवल एक मंदिर के पुनर्निर्माण का निर्णय नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास था। इसके बाद सोमनाथ को एक सांस्कृतिक और बौद्धिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ हुआ। 11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में प्रातःकाल संपन्न हुई प्राण-प्रतिष्ठा ने पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक स्मृति और आत्मविश्वास को नई शक्ति प्रदान की। आज जब भारत 'भारत@ 2047' की ओर बढ़ रहा है, तब सोमनाथ से जुड़े ये सभ्यतागत मूल्य और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। तकनीकी बदलाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भारत दुनिया को यह संदेश देता है कि विकास का अर्थ करुणा को त्यागना नहीं है और शक्ति का अर्थ संयम को छोड़ देना नहीं है। सोमनाथ हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सामर्थ्य से नहीं, बल्कि स्मृति, विवेक और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता से निर्मित होता है।

इसी दृष्टि से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026-27' की परिकल्पना की गई है। यह वर्षभर चलने वाला राष्ट्रीय आयोजन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की आध्यात्मिक शक्ति, सांस्कृतिक निरंतरता और सभ्यतागत चेतना को समर्पित है। सदियों तक अनेक बार विध्वंस झेलने के बाद भी जिस प्रकार समाज के सामूहिक संकल्प से सोमनाथ पुनः स्थापित होता रहा, वह भारत की सांस्कृतिक आत्मशक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवंत उदाहरण है। 8 से 11 जनवरी 2026 के बीच प्रारंभ हुए इस पर्व के माध्यम से दो महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पड़ावों को स्मरण किया जा रहा है। 1026 में सोमनाथ पर हुए प्रथम दर्ज आक्रमण के एक हजार वर्ष और स्वतंत्रता के बाद 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के पुनः उद्घाटन के 75 वर्ष। इस आयोजन का उद्देश्य सोमनाथ को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक स्मृति के प्रतीक के रूप में स्थापित करना है। 11 मई 2026 को आयोजित होने वाले प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम तक देशभर में यात्राएं, सांस्कृतिक आयोजन, संवाद, शैक्षिक कार्यक्रम और विभिन्न ज्योतिर्लिंगों, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, जिलों और शिवालयों में समन्वित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, जो श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं, सोमनाथ ने एक नए पुनर्जागरण का दौर देखा है। प्रशासनिक सुधार, आधारभूत संरचना का विकास, धरोहर संरक्षण और सांस्कृतिक पहलों ने सोमनाथ को एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त किया है। पर्यावरणीय संतुलन और महिला-सशक्तिकरण आधारित सेवा पहलों के माध्यम से यह दिखाया गया है कि, भारतीय सभ्यतागत मूल्य आधुनिक जिम्मेदारियों और समावेशिता के साथ कैसे आगे बढ़ सकते हैं।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आधुनिक समाज को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक प्रयास है। यह हमें याद दिलाता है कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति उन मूल्यों, परंपराओं और जिम्मेदारियों में है, जिन्हें पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया जाता रहा है। इसी कारण आज सोमनाथ केवल पुनर्निर्मित मंदिर नहीं, बल्कि एक जीवंत तीर्थ है। इक्कीसवीं सदी में आगे बढ़ते भारत के लिए सोमनाथ एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। कोई भी सभ्यता तब मजबूत रहती है जब वह अपनी जड़ों से जुड़ी रहे, समय के साथ स्वयं को ढालती रहे और सभी को साथ लेकर चले।

सोमनाथ की यह विरासत हमें निरंतर प्रेरित करती रहे- उद्देश्यपूर्ण निर्माण करने के लिए, संतुलित आचरण के लिए और अपनी पहचान के प्रति सजग रहते हुए आगे बढ़ने के लिए।

जय सोमनाथ! वंदे मातरम!

**(लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार है)**

## विचार सरिता

# हंसी के किस्से : कवि के घर जनगणना कार्य के लिए पहुंची प्रगणक युवती

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



कवि कुमार एक जिम्मेदार नागरिक की तरह सभी राष्ट्रीय अभियानों में बढ़-चाकर सम्मिलित होते हैं। इस बार देश में जनगणना अभियान जोरों पर है। कवि कुमार इसके लिए अत्यंत उत्साहित हैं। उन्होंने गर्मियों में हिल स्टेशन का कार्यक्रम बनाने की सोची किंतु जनगणना पूरी होने तक रुकने का निश्चय किया।

पत्नी रिमझिम ने पूछा, 'क्या जनगणना इतनी महत्वपूर्ण है कि घूमने जाने का प्रोग्राम आगे बढ़ा दिया आपने?'

'हाँ प्रिये। घूमने तो बाद में भी जा सकते हैं पर जनगणना कर्मी घर आए तो उन्हें खाली हाथ नहीं लौटना चाहिए।' कवि ने कहा।

'तो क्या हुआ?' इस जनगणना का प्रथम चरण 30 मई 2026 तक चलेगा। अगर घर बंद रहेगा तो वे लोग हमारे लौटने के बाद घर आकर संपर्क करेंगे ही।' पत्नी जी ने कहा।

'यह सिर्फ प्रगणक की जिम्मेदारी नहीं है। हमारा भी तो कर्तव्य है। इतनी धूप में वे लोग कितनी बार आएंगे?'

कवि कुमार और रिमझिम की यह चर्चा और आगे बढ़ती लेकिन कवि ने कल तक उन्हें देख लेते हैं और परसों हिल स्टेशन चलेंगे, यह कहकर चर्चा पर ब्रेक लगा दिया।

अगले दिन प्रातः 8:30 बजे कवि के घर दस्तक हुई। स्कार्फ से चेहरा और सिर ढंकी हुई एक युवती हाथ में फाईल लिए हुए द्वार पर खड़ी थी। कवि द्वार पर पहुंचे। पहले तो कवि को यह लगा कि किसी न्यूज़ चैनल से कोई संवाददाता उनके सद्यः प्रकाशित काव्य संग्रह पर इंटरव्यू लेने आई है। लेकिन आगे बातचीत में कवि का भ्रम जल्दी ही टूट गया। युवती ने कवि को देखते ही कहा, 'नमस्ते, मैं कुछ जानकारी लेने के लिए आपके यहां आई हूं।

'नमस्ते। शायद आप किसी कंपनी से सर्वे के लिए आई हैं।पर हमें किसी प्रोडक्ट की आवश्यकता नहीं है।'

'नहीं सर, मैं किसी कंपनी से प्रोडक्ट के प्रचार-प्रसार के लिए नहीं आई हूँ।'

'तो आपका परिचय ?'

'मैं प्रगणक हूँ। प्रथम चरण की जनगणना के लिए आई हूँ। यह है मेरा परिचय पत्र।'

कवि ने परिचय पत्र ध्यान से देखने के बाद कहा, 'अच्छा, आप जनगणना के लिए आई हैं।आइए। आपका स्वागत है।'

कवि के संकेत पर प्रगणक एक कुर्सी पर बैठ गई। कवि ने राहत की साँस ली। अब इस गणना कार्य के बाद, पत्नी जी के निर्देश पालन हेतु हिल स्टेशन के लिए प्रस्थान किया जा सकेगा।

# मदर्स डे विशेष : घर, बच्चे और करियर, ममता और मेहनत की मिसाल रश्मि हरिहारनो का प्रेरक सफर

राजनांदगांव (दावा)। माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि वह एहसास है जो टूटते मन को सहारा देता है, अंधेरे में रोशनी बनता है और हर परिस्थिति में अपने बच्चों के लिए ढाल बनकर खड़ा रहता है। जीवन की भागदौड़ में भले ही लोग व्यस्त हो जाएं, लेकिन माँ का चेहरा, उसकी ममता और उसका त्याग कभी धुंधला नहीं पड़ता। मदर्स डे मानो फिर से उसी वात्सल्य की गोद में ले जाकर खड़ा कर देता है, जहाँ निस्वार्थ प्रेम बसता है। एक माँ अपने सपनों को पीछे रखकर बच्चों के भविष्य को संवारती है, और यही त्याग उसे संसार का सबसे सुंदर रूप बनाता है।

मदर्स डे के इस विशेष अवसर पर शहर की प्रसिद्ध ब्यूटीशियन रश्मि हरिहारनो की कहानी हर उस महिला को प्रेरणा देती है, जो परिवार और अपने सपनों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। रश्मि ने यह साबित किया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो एक महिला घर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी सफलता की नई ऊँचाइयों को छू सकती है।

एक कुशल गृहिणी के रूप में उन्होंने अपने परिवार को हमेशा प्राथमिकता दी। घर की छोटी-बड़ी जिम्मेदारियाँ हों या बच्चों की परवरिश, उन्होंने हर भूमिका को पूरी संवेदनशीलता और समर्पण के साथ निभाया। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने अपने हुनर को भी पहचान दी और ब्यूटी इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई। आज शहर में उनका नाम सम्मान के साथ लिया जाता है।

रश्मि हरिहारनो कहती हैं, मेरे तीनो बच्चे मेरी आँखें हैं, जिनसे मैं अपने आगे का रास्ता देखती हूँ। यह केवल एक माँ के शब्द नहीं, बल्कि उस गहरे भाव का परिचय है जिसमें माँ अपने बच्चों में ही अपना भविष्य, अपनी उम्मीद और अपनी दुनिया देखती है। उनके लिए सफलता का अर्थ केवल आगे बढ़ना नहीं, बल्कि बच्चों को अच्छे संस्कार और बेहतर जीवन देना भी है।

उन्होंने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी। कई बार परिस्थितियाँ कठिन हुईं, समय कम पड़ा, जिम्मेदारियाँ बढ़ीं, फिर भी उन्होंने मुस्कुराकर हर चुनौती को स्वीकार किया। यही कारण है कि आज एक सफल ब्यूटीशियन ही नहीं, बल्कि अनेक महिलाओं के लिए आत्मविश्वास और संघर्ष की जीवंत मिसाल बन चुकी हैं।

रश्मि की कहानी यह संदेश देती है कि माँ केवल घर संभालने वाली महिला नहीं होती, बल्कि वह परिवार की सबसे बड़ी शक्ति होती है। वह बच्चों के सपनों को उड़ान देने के साथ-साथ अपने सपनों को भी नई दिशा दे सकती है। जरूरत केवल आत्मविश्वास, मेहनत और परिवार के प्रति समर्पण की होती है।

मदर्स डे पर ऐसी सभी माताओं को सलाम, जो अपने संघर्षों को मुस्कान में छिपाकर परिवार को खुशियाँ देती हैं। रश्मि हरिहारनो जैसी महिलाएँ समाज को यह सिखाती हैं कि एक माँ जब ठान ले, तो वह अपने प्यार, त्याग और मेहनत से हर मुश्किल को आसान बना सकती है। सच ही कहा गया है माँ केवल जन्म नहीं देती, वह हर दिन अपने परिवार के लिए एक नया जीवन गढ़ती है।

## सामयिक चर्चा

### महंगाई तो जीवन की कथा रही!

कुर्सी पर बैठकर
आराम से बोले गजाधर -
''बानी! आज सुनाओं कोई नयी खबर।''
बानी को अच्छा लगा।
उन्होंने गंभीरता से पढ़ा -
''पेट्रोल और डीजल के दाम
देश में इसी माह बढ़ सकते हैं।''
गजाधर एकदम चिढ़ उठे - ''क्या भाई?
आप इसे नयी खबर कहते है।
अरे भाई बानी!
महंगाई तो हमारे जीवन की है परेशानी।
आप अगर आज पढ़ते -
''हमारे देश में
पेट्रोल डीजल के दाम
अब कभी नहीं बढ़ेंगे।''
तो हम उसे मनोहारी नयी खबर कहते।
देखो बानी! सुनो-
शासक महंगाई बढ़ाते है,
और कैफियत देते है।
हम महंगाई पीड़ित बड़-बड़ाते है
और नेताओं को मत देते है।''
तभी गृहस्थ गिरधारी बोल उठे -
''गजाधर! आज मैने
आप लोगों से बात अपनी यही कही-
महंगाई-महंगाई क्या कहते है?
महंगाई तो जीवन की कथा रही।''



(शुक्रवार 9 मई 2026) गिरीश बख्शी

## कविता


### 'जनगणना'

जनगणना होही दू चरण म, नीति-नियम बर हावय खास।
देस राज बर हावय जरूरी, होय सपूरन सबके आस।।
सूची बनही घर के पहिली, जनगणना हा होही बाद।
माह फरवरी चरण दूसरा, रखिहव संगी येला याद।।
काकर बर का लेना- देना, हम करथन पहिली अंताज।
लोगन मन के हित खातिर हे, उहि किसम सरकार ला आज।।
सीमित हावय सब संसाधन, देस राज कस घर परिवार।
होय सरोखा सबो बात के, उन्नति के बनथे इहि अधार।।
जनगणना हे डिजिटल संगी, स्वगणना मोबाइल ऐप।
बात गोपनीय रहही सबो, झन शरमाबे झन तँय झेंप।।
के झन हावय घर मा मनखे, जाति लिंग मुखिया के नाम।
जरे मंझनिया झांझ-झोला, सँहरावव प्रगणक के काम।।
घर- घर के पंजीकरण फेर , काय जिनिस के बने मकान।
गुजर-बसर मनखे मन करथें, या वोमा हे खुले दुकान।।
काय जिनिस के छानी-परवा,का जिनिस के फर्श दीवार।
लगे हवे का टाइल्स मार्बल, साँची बात बतावव यार।।
कोठा-कुरिया के ठन हावय, अउ कइसे हे घर के हाल।
बर-बिहाव अउ पढ़ई-लिखई, प्रगणन के तैंतीस सवाल।।
रँधनी कुरिया पानी-कांजी, हवे येकर कइसन निस्तार।
कम्प्यूटर मोबाइल हावय, काय हावय फटफटी कार।।
झटक-पुदक नइ लेगे कोनो, हावय तेला साँच बताव।
हवे जरूरी सब जानकारी,कोनो जिनिस ला झन छिपाव।।
गैस,बिजली, रेडियो, टी. वी, अउ चलथे का इंटरनेट।
सबो बात ला जाने खातिर, रोज करत हें प्रगणक भेंट।।
यहू बात ला घलो बतावव, खाथव संगी काय अनाज।
अउ मोबाइल नंबर देवव, येकरे ले अब सबो काज।।




रोशन साहू 'मोखला'
(राजनांदगांव)

## राशिफल




**मेष**

ग्रहों का गोचर आज आपका ध्यान करियर के शिखर की ओर ले जा रहा है। देखा जाए तो यह समय मेष राशि के आपके स्वाभाविक उत्साह और बाहरी दुनिया की मांगों के बीच तालमेल बिठाने का है। यद्यपि आपकी आंतरिक ऊर्जा बहुत अधिक है, फिर भी आज जल्दबाजी के बजाय स्ट्रेटेजिक नजरिया अपनाना ही लाभकारी रहेगा। आज आपकी व्यवस्थित करने और नेतृत्व करने की क्षमता अपने चरम पर रहेगी। पिछले सप्ताह जो कार्य आपको कठिन लग रहे थे।



**वृष राशि**

आज की ब्रह्मांडीय ऊर्जा आपको अपने दायरे से बाहर निकलकर जीवन की बड़ी तस्वीर देखने के लिए प्रेरित कर रही है। हालांकि आपको अक्सर जानी पहचानी चीजें ही पसंद आती हैं, लेकिन चंद्रदेव का गोचर आज आपको आध्यात्मिक यात्रा पर ले जा सकता है। यह सत्य और उच्च ज्ञान की खोज करने का दिन है। जब आप अपने व्यक्तिगत मूल्यों को अपने लॉन्ग टर्म विजन के साथ जोड़ते हैं, तो आपको एक नया उद्देश्य और स्थिरता प्राप्त होती है।



**मिथुन**

आज का दिन आत्ममंथन करने और अपने जीवन की गहरी परतों को समझने का है। ग्रहों की स्थिति आपका ध्यान सतही बातों से हटाकर सार्थक और स्थायी बदलावों की ओर ले जा रही है। आप खुद को जीवन के रहस्यों पर विचार करते हुए या अपने रिश्तों में गहरे जुड़ाव की तलाश करते हुए पा सकते हैं। यह पुरानी आदतों को छोड़ने और शांति के माध्यम से खुद को बेहतर बनाने का समय है। यह खोजी ऊर्जा आपको उन जटिल समस्याओं को सुलझाने में मदद करेगी जो लंबे समय से अटकी हुई थीं।



**कर्क**

आज का पूरा ध्यान आपके रिश्तों और दूसरों के साथ आपके संतुलन पर केंद्रित है। एक संवेदनशील व्यक्ति होने के नाते, आप पाएंगे कि आपका ध्यान आंतरिक दुनिया से हटकर उन लोगों की ओर जा रहा है जो आपके जीवन का हिस्सा हैं। यह सहयोग, बातचीत और आपसी सहमति बनाने का दिन है। अपनी बातचीत में मैच्योरिटी और धैर्य लाकर आप एक साधारण परिचय को भी स्थायी रिश्ते में बदल सकते हैं। आज आप दूसरों के नजरिए को समझने में पूरी तरह सक्षम रहेंगे।



**सिंह**

आज ग्रहों का गोचर आपसे सुर्खियों से हटकर अपने दैनिक जीवन के जरूरी विवरणों पर ध्यान देने की मांग कर रहा है। हालांकि आपको प्रशंसा और पहचान पसंद है, लेकिन वर्तमान स्थिति बताती है कि आपकी असली जीत साधारण कामों को सही ढंग से करने में छिपी है। अपने कार्यक्षेत्र को व्यवस्थित करना और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना ही आज आपका मुख्य कार्य है। आज एक लीडर के बजाय एक मेहनती और अनुशासित कार्यकर्ता की तरह व्यवहार करना हितकर रहेगा।



**कन्या**

आज आप जीवन के प्रति अधिक रचनात्मक और हल्का-फुल्का नजरिया अपना सकते हैं। ग्रहों का संकेत है कि आज आपका मन अपने शौक, बच्चों या प्रेम संबंधों में खुशी तलाशने की ओर रहेगा। यह अपनी अद्वितीय प्रतिभाओं का जश्न मनाने और खुद को थोड़ा आजाद छोड़ने का दिन है। जब आप अपने अनुशासन को थोड़ी सहजता के साथ मिलाएंगे, तो आपको व्यक्तिगत संतुष्टि का एक नया स्तर प्राप्त होगा। आज आपकी क्रिएटिव समझ बहुत तेज रहेगी।




**तुला**

आज आपका पूरा ध्यान अपने अंतर्मन और जीवन की नींव को मजबूत करने पर रहेगा। वैसे तो आप एक सामाजिक व्यक्ति हैं, लेकिन आपकी सबसे बड़ी उन्नति आज घर की चारदीवारी और हृदय की गहराइयों में ही छिपी है। यह अपनी जड़ों को सींचने और परिवार के साथ फिर से जुड़ने का सही समय है। सुनिश्चित करें कि आपका भावनात्मक आधार पूरी तरह सुरक्षित और मजबूत बना रहे। देखा जाए तो आज आप अपने घर को एक सुकून भरे ठिकाने में बदलने की अद्भुत क्षमता रखते हैं।



**वृश्चिक**

आज ग्रहों की चाल आपके आसपास के माहौल और आपकी वाणी की शक्ति पर जोर दे रही है। हालांकि आपको अक्सर चुप रहना पसंद है, लेकिन आज अपनी बात को स्पष्टता और अथॉरिटी के साथ रखना जरूरी है। आज आपकी मानसिक शक्ति और काम करने का जज्बा तारीफ़ के काबिल रहेगा। जटिल से जटिल जानकारी को समझने और उसे प्रभावी ढंग से दूसरों तक पहुँचाने में आप सफल रहेंगे। लिखने, पढ़ने या किसी भी तरह की बातचीत के लिए यह बहुत ही सटीक समय है।



**धनु**

आज ग्रहों का गोचर आपके उत्साही स्वभाव को थोड़ा व्यावहारिक और जमीन से जुड़ा बनाएगा। आपका पूरा ध्यान अपनी भौतिक नींव और व्यक्तिगत मूल्यों को मजबूत करने पर होना चाहिए। वैसे तो आपको दूर की कौड़ी सोचना पसंद है, पर आज आपके हाथ में जो संसाधन हैं उन्हें संभालने का समय है। आज का दिन अपनी संपत्ति के निर्माण, सुरक्षा और उसकी कद्र करने के लिए बहुत उपयुक्त है। चीजों की सही कीमत पहचानने की आपकी क्षमता आज काफी बेहतर रहने वाली है।



**मकर**

चंद्रदेव आज आपकी ही राशि में विराजमान हैं, जो आपके आत्म-सम्मान और भावनात्मक शक्ति को बढ़ा रहे हैं। आज का दिन अपनी कहानी खुद लिखने और अपने व्यक्तिगत विकास पर ध्यान देने का है। दुनिया आपसे चाहे जितनी भी उम्मीदें रखे, आपका आंतरिक मन आपको अपने ऊंचे लक्ष्यों की ओर ले जाएगा। इस खास समय का उपयोग पूरे आत्मविश्वास के साथ करें, जो आपका स्वाभाविक गुण है। देखा जाए तो आज आप अपने असली रूप में नजर आएंगे।



**कुंभ**

चंद्रदेव आज आपके बारहवें भाव (अवचेतन मन और एकांत) से गोचर कर रहे हैं। हालांकि आप सामूहिक सुधारों में यकीन रखते हैं, लेकिन आज की स्थिति कहती है कि आपको असली जवाब शांति में ही मिलेंगे। यह पुरानी बातों को खत्म करने, खुद को हील करने और अपनी आत्मा को भविष्य के लिए तैयार करने का दिन है। जो चीजें आपके काम की नहीं हैं उन्हें छोड़ दें, ताकि आप नए विचारों के लिए जगह बना सकें।



**मीन**

आज ग्रहों का गोचर आपको बाहरी दुनिया और अपने समुदाय से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। हालांकि आप अक्सर अपनी भावनाओं में डूबे रहते हैं, पर आज का दिन आपके सामाजिक दायरे और सपनों पर ध्यान देने का है। आपको यह समझना होगा कि जब आप अपने जैसे विचारों वाले लोगों के साथ मिलते हैं, तो आपके सपने हकीकत के करीब पहुंच जाते हैं। अपने सहज ज्ञान को व्यवहारिकता के साथ जोड़कर आज आप बड़े अवसर पैदा कर सकते हैं।

# खैरागढ़ में शतरंज के बौद्धिक खेल का महाकुंभ, संभागीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ समापन

खैरागढ़(दावा)। संगीत नगरी खैरागढ़ में मंगलवार को आयोजित जी.एच. रायसोनी मेमोरियल दुर्ग संभागीय एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का भव्य समापन उत्साह, सम्मान और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। सरस्वती शिशु एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के सातों जिलों यथा दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, मोहला-मानपुर-चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) से आए लगभग 70 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने बौद्धिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी मनोज गिड़िया एवं जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी उपस्थित रहे।

### शतरंज केवल खेल नहीं, बुद्धिमत्ता का अनुशासन है- विक्रांत

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि, शतरंज ऐसा खेल है जो व्यक्ति की रणनीतिक सोच, धैर्य और निर्णय क्षमता को विकसित करता है। उन्होंने कहा कि इतिहास में शतरंज को सदैव श्रेष्ठ बौद्धिक खेलों में गिना गया है और आज भी इसकी प्रासंगिकता बनी हुई है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

अध्यक्षीय उद्बोधन में घम्मन साहू ने शतरंज के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, खैरागढ़ जैसे सांस्कृतिक नगर में इस प्रकार के आयोजन युवाओं को नई दिशा देने वाले हैं। समाजसेवी मनोज गिड़िया ने प्रतियोगिता की सफलता पर आयोजकों को बधाई दी तथा प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विजेताओं को दिया गया समारोहपूर्वक पुरस्कार

समापन अवसर पर विजेताओं को समारोह पूर्वक पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें प्रथम रजनीकांत बख्शी (राजनांदगांव) को रूपये 7000 रु. एवं ट्रॉफी, द्वितीय मयंक सोनारे (दुर्ग) को रूपये 5000 रु. एवं ट्रॉफी, तृतीय शुभम सिंह (दुर्ग) को रूपये 3000 एवं ट्रॉफी, चतुर्थ शुभम सोनी (राजनांदगांव) को रूपये 2000 एवं ट्रॉफी, पंचम आयुष कुमार वैष्णव (कवर्धा)




0 दुर्ग संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का विक्रांत सिंह के हाथों हुआ समापन
0 विक्रांत ने शतरंज को बताया व्यक्तित्व विकास का श्रेष्ठ माध्यम

को रूपये 1000 एवं ट्रॉफी के साथ छठवें से दसवें स्थान तक भव्य टाटिया (राजनांदगांव), गगन साहू (बालोद), सालिक नवाज मनिहार (राजनांदगांव), सत्यम वर्मा (राजनांदगांव) व संदीप लालवानी (राजनांदगांव) इन सभी प्रतिभागियों को रूपये 500 एवं मेडल प्रदान किए गए।

साथ ही विशेष वर्ग पुरस्कार की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ महिला प्रतिभागी मडके इशिका (दुर्ग) को रूपये 1500 एवं ट्रॉफी, अंजुम परवीन (कवर्धा) को रूपये 1000 एवं ट्रॉफी, केसीजी जिला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में इंजीनियर शाहबाज अहमद को रूपये 1500 एवं ट्रॉफी, जय जंघेल को रूपये 1000 एवं ट्रॉफी तथा वरिष्ठ खिलाड़ी वर्ग (55 वर्ष से अधिक) मिर्जा मतीन (राजनांदगांव) को रूपये 1500 एवं ट्रॉफी, राजेंद्र द्विवेदी (कबीरधाम) को रूपये 750 एवं ट्रॉफी एवं विशेष दिव्यांग वर्ग श्रीहरि (एमएमसी) को रूपये 1500 एवं ट्रॉफी, सार्थक वर्मा (राजनांदगांव) को रूपये 750 एवं ट्रॉफी अतिथियों ने संस्था की ओर से प्रदान की।

### प्रतियोगिता में बाल प्रतिभाओं ने भी बिखेरा अपना हुनर

प्रतियोगिता में अंडर-07 वर्ग में अनाया पाणिग्रही (दुर्ग), स्वयं सिंह ठाकुर (केसीजी)। अंडर-09 वर्ग में इधिका वरुडकर (राजनांदगांव), के.श्रेयशी (एमएमसी)। अंडर-11 वर्ग में सर्वेश लिहारे (दुर्ग), अमन जोशी (केसीजी)। अंडर-13 वर्ग में राशि वरुडकर (राजनांदगांव), लक्ष्यिता राठी (राजनांदगांव)। अंडर-15 वर्ग में पारिधि लिहारे (दुर्ग), संस्कार सोनी (दुर्ग) सहित सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सोशल मीडिया के दौर में शतरंज को बढ़ावा देने का आह्वान व कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन करते हुये जिला पत्रकार संघ के संरक्षक एवं शांतिदूत संस्था के संयोजक अनुराग शांति तुरे ने कहा कि, आधुनिक समय में सोशल मीडिया और डिजिटल व्यस्तताओं के बीच शतरंज जैसे बौद्धिक खेल युवाओं को एकाग्रता, अनुशासन और सकारात्मक सोच की दिशा देते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों एवं समाजसेवियों से जिले में शतरंज को प्रोत्साहित करने की अपील की।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई शतरंज संघ के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, उपाध्यक्ष यतेंद्र जीत सिंह, सचिव रॉकी देवांगन, कोषाध्यक्ष शेख जाहिद, निर्णायक अनिल शर्मा एवं दिव्यांशु उपाध्याय, रिजवान सोलंकी सहित समस्त सदस्यों और स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पहला कॉलम...

### यूनियन पब्लिक स्कूल ग्लोरी माहेश्वरी को मिली उत्कृष्ट स्थान



डोंगरगांव(दावा)। नगर में संचालित यूनियन पब्लिक स्कूल की छात्रा ग्लोरी माहेश्वरी पिता संदीप माहेश्वरी ने कक्षा आठवीं में 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इन्होंने शाला सहित अपने परिवार का नाम रोशन किया है। बता दें कि, इस छात्रा को शत-प्रतिशत उपस्थिति, उत्कृष्ट अनुशासन और चरित्र का भी अवार्ड मिला है।

### प्रशिक्षार्थियों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम भौगोलिक दृष्टि से देव दर्शन कराया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में जिला ग्राम भारती द्वारा आयोजित 10 दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित है जिसमें प्रशिक्षार्थियों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम भौगोलिक दृष्टि से देव दर्शन मां बमलेश्वरी के दर्शन कराया गया सभी ने सराहनीय किया जिसमें वर्ग के वर्गाधिकारी श्रीमती बूंदा वर्मा जिला समन्वयक पूनमचंद साहू बौद्धिक प्रमुख डामन जोशी मुख्य शिक्षक भूषण गजेंद्र, उमा सिन्हा, मीरा चंदेल, भगवान दास, उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी प्रधानाचार्य देवेंद्र नंदेश्वर ने दी।

### घुमका में उत्साह के साथ मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती




घुमका (दावा)। क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों और गणमान्यजनों ने महाराणा प्रताप के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके शौर्य और वीरता को याद किया।

आयोजन के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष और मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवनीत सिंह राजपूत, सुनील चंदेल, अनिल चंदेल, इंद्रपाल ठाकुर, राकेश वर्मा, पीयूष महाराज, सागर साहू, लालू किशन चंदेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा उपस्थित रहे।

## जनगणना में पेयजल संबंधी भरी जा रही गलत जानकारी

गंडई पंडरिया (दावा)। पूरे देश में वर्तमान में जनगणना 2026 के तहत मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है इसमें जनगणना से संबंधित कई बिंदुओं की जानकारी एकत्रित की जा रही है, इसके तहत नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पेयजल सुविधा के स्त्रोत में प्रगणकों को गलत एंट्री किए जाने के निर्देश दिए जाने की शिकायतें सामने आई है।

उल्लेखनीय है कि, राष्ट्रीय जनगणना आयोग द्वारा 1 मई से 30 मई तक प्रथम चरण का जनगणना कार्य के तहत मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है इसमें मकान नंबर, जनगणना मकान, पेयजल, शौचालय, आवास, ईंधन, उपलब्ध सुविधाएं आदि संबंधी अभी आंकड़े एकत्रित किए जा रहे है। इसी प्राप्त आंकड़े के आधार पर देश में आवश्यक योजनाएं बनाए जाएंगे। लेकिन नगर पंचायत गंडई क्षेत्र में पेयजल स्त्रोत के साधन में गलत जानकारी भरे जाने की जानकारी मिली है। नगर




नगर पंचायत गंडई का मामला

में पेयजल टंकी बनी है और नल के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है, चूंकि यह पानी उपचारित श्रेणी में नहीं आता है क्योंकि, नगर में वाटर फिल्टर प्लांट लगा ही नहीं है।

जनगणना निदेशालय के नियमानुसार केवल वाटर फिल्टर प्लांट से सप्लाई होने वाले पानी को ही उपचारित जल माना जाएगा, लेकिन यहां पानी टंकी से सप्लाई होने वाले नल के पानी को गलत ढंग से उपचारित जल की श्रेणी में माना जा रहा है। जबकि यह नियमानुसार अनुपचारित जल की श्रेणी में माना जाएगा। जनगणना कार्य कर रहे कुछ प्रगणकों ने चर्चा में बताया कि, उन्हें प्रशिक्षण में बताया गया था कि नगर में अनुपचारित जल का ही उपयोग होता है और सभी इसी तरह से एंट्री कर रहे थे लेकिन बाद में अधिकारियों ने उपचारित जल एंट्री करने के निर्देश दे दिए। अब सहज अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि, जब सरकार के पास आंकड़ा जाएगा कि नगरवासी उपचारित जल का उपयोग करते है तो नगर में कभी भी वाटर फिल्टर प्लांट लग ही नहीं पाएगा और हमेशा अनुपचारित पानी पीने मजबूर ही रहेंगे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन का कहना है कि, नगर में पानी टंकी से नल द्वारा पानी सप्लाई होती है जो अनुपचारित जल ही है। गलत एंट्री वाकई की जा रही है क्योंकि नगर में वाटर प्लांट ही नहीं है। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अविनाश देवांगन का कहना हैं कि, पेयजल टंकी में पानी सप्लाई नलकूप से होता है पानी टंकी की सफाई कर बिल्चिंग पाउडर व फिटकरी से पानी को उपचारित किया जाता है।

## मवेशी सामने आने पर बाइक सवार हुआ हादसे का शिकार, महिला की मौत




भिलाईनगर (दावा)। अंडा थाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, उतई निवासी रेखा बाई साहू (42) अपने बहनोई के साथ बाइक से गुण्डरदेही से वापस घर लौट रही थीं। इसी दौरान टायर फैक्ट्री डोकीडीह रोड के पास अचानक एक मवेशी सड़क पर आ गया। बाइक चालक संभल पाता उससे पहले ही वाहन मवेशी से टकरा गया और दोनों सड़क पर गिर पड़े।

हादसे में रेखा बाई साहू गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करते हुए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अंडा थाना प्रभारी पारस राम ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। इधर, क्षेत्रवासियों ने सड़कों पर बढ़ते आवारा मवेशियों को लेकर चिंता जताई है। लोगों का कहना है कि मुख्य मार्गों पर मवेशियों की मौजूदगी लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

## जामा मस्जिद कमेटी चुनावः अरसद हुसैन की दुबारा वापसी अध्यक्ष पद पर, अय्यूब सोलंकी को 84 मतों से हराया



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ़ बोर्ड रायपुर के निर्देशानुसार जामा मस्जिद खैरागढ़ में अध्यक्ष पद हेतु हुए चुनाव में अरसद हुसैन (डब्बू) ने सीधे मुकाबले में अय्यूब को 84 मतों से हराकर अध्यक्ष पद पर दुबारा शानदार वापसी की है। चुनाव समिति के द्वारा अरसद को परिणाम घोषणा पत्र दिया गया।

जामा मस्जिद खैरागढ़ के मुतवल्ली चुनाव हेतु विगत एक माह से प्रक्रिया चल रही थी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टंकेश्वर प्रसाद साहू खैरागढ़ के मार्गदर्शन, मतदान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के निर्देशन तथा चुनाव समिति के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया।

### जामा मस्जिद कमेटी चुनाव में 85 प्रतिशत हुआ मतदान

जामा मस्जिद कमेटी चुनाव में कुल मतदाता 464 थे। उनमें से 396 ने मतदान किया। मुतवल्ली पद के लिए अरसद हुसैन(डब्बू) को 239 कुल मत प्राप्त हुए, वही अय्यूब सोलंकी ने 155 मत प्राप्त किया और 2 वोट रद्द हुआ और अरशद हुसैन मुतवल्ली पद के लिए 84 मतो से जीत दर्ज की। मतदान में मुस्लिम समाज के पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगजनों और बुजुर्गो ने उत्साह दिखाया, उन्होंने भरी गर्मी में मतदान करने आये।

### नव मतदाताओं का तहसीलदार ने किया अभिनंदन

जामा मस्जिद चुनाव में लगभग 15 प्रतिशत नव मतदाता शामिल हुए थे। जिन्होंने पहली बार मतदान किया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भूपेंद्र नेताम ने उनका उत्साह वर्धन करते हुए पहला अनुभव पूछा। वक्फ़ बोर्ड द्वारा गठित समिति ने प्रशासन, पुलिस, मिडिया और पब्लिक से बेहतर समन्वय और सहयोग लेते हुए पहली बार पूर्ण प्रक्रिया के साथ निर्विवाद चुनाव सम्पन्न कराया। समिति ने सभी सभागियों का आभार व्यक्त किया है।

## रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल पीएनएम बैठक के मांग पर जीडीसी परीक्षा जल्द होगी



डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे जोन मुख्यालय बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के मुख्य अतिथि के उपस्थित में वर्ष 2026 की प्रथम जोनल पीएनएम बैठक महाप्रबंधक सभागार में 06 व 07 मई 2026 को आयोजित हुआ, युवा रेल कर्मचारियों की बहु प्रतीक्षित मांग जीडीसीई वर्ष 2023 की परीक्षा आयटम क्रमांक 15 में व्यापक चर्चा हुई। जिस पर प्रधान मुख्य कार्मिक महोदय ने बताया, प्रशासन ने वर्ष 2023 की परीक्षा को रद्द करने हेतु रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेज दिया था, परंतु रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के हस्तक्षेप के उपरांत, महाप्रबंधक बिलासपुर तरुण प्रकाश के निर्देश पर रेल प्रशासन को अपना जीडीसी अधिसूचना रद्द करने का प्रस्ताव लिखित में वापस लेना पड़ा।

मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के साथ जोनल पीएनएम बैठक में रेल प्रशासन द्वारा बताया गया, एग्जाम कंडक्टिंग एजेंसी ईसीए चंडीगढ़ आरआरबी द्वारा तय कर लिया गया है तथा 31 मई 2026 से पहले, मजदूर कांग्रेस के साथ बैठक कर वर्ष 2023 की रुकी हुई जीडीसी परीक्षा हेतु अधिसूचना जल्द जारी होगा साथ ही केंद्रीय रेलवे अस्पताल में नए कैबिन का निर्माण, रनिंग कर्मचारियों के सभी रिक्त पदों पर जल्द भर्ती , टिकट चेकिंग स्टाफ के लिए नए एचएचटी जल्द मिलेंगे, सभी डिपार्टमेंट में एलडीसीई की प्रक्रिया पूर्ण होगी एनएफआईआर व मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव व जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने बताया की मान्यता प्राप्त रेल संगठन रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के इस वर्ष की प्रथम जोनल पीएनएम बैठक 6 व 7 मई को सम्पन्न हुई, बैठक में मजदूर कांग्रेस जोनल, महामंत्री एवं समस्त केन्द्रीय पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त होने जा रहे हेडक्वार्टर एपीओ ए प्रकाश का फुल मालाओं शाल श्रीफल से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। जोनल पीएनएम बैठक में अतिरिक्त महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बिलासपुर आदित्य कुमार, मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) डॉ. दर्शनीयता आहुलवालिया, रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष डी के स्वाइन, मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री, रायपुर मंडल समन्वयक बी.डी. प्रसाद, नागपुर मंडल समन्वयक इंदल दमाहे, कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र रविधल, संयुक्त महामंत्री बी. कृष्ण कुमार बैठक में उपस्थित रहे।

# खैरागढ़ में हुआ क्षत्रिय एकता, संस्कृति और महिला नेतृत्व का विराट संगम

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना खैरागढ़ राज के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह ने समाज संगठन, महिला नेतृत्व, सांस्कृतिक गौरव और नई पीढ़ी में संस्कार जागरण का प्रभावशाली संदेश दिया। राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर की पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में समाज सेवा और संगठन विस्तार का संकल्प दोहराया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, चिकित्सकों, साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान कर नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का प्रयास किया गया।

### महिला नेतृत्व और सामाजिक चेतना का प्रभावशाली मंच बना खैरागढ़

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना खैरागढ़ राज द्वारा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कैंपस-2 स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और संगठनात्मक शक्ति का भव्य उदाहरण बनकर सामने आया।। समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंचन सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह गहरवार सहित प्रदेश एवं जिला स्तर की अनेक पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।। नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज एवं संगठन के प्रति निष्ठा, सेवा और संस्कृति संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजनों की बड़ी सहभागिता ने संगठन की मजबूती और सामाजिक एकता का परिचय दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा कि समाज सेवा ही सच्चा नेतृत्व का साधन है। समाज तभी सशक्त बनता है जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में आगे आती हैं। प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुये कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता, अनुशासन और संस्कारों में निहित होती है।



o अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना का भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न
0 संगठन, संस्कार और सामाजिक चेतना का हुआ प्रेरक आयोजन

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को संगठित रहकर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देनी होगी। जिला अध्यक्ष शताक्षी सिंह ने युवाओं को समाज सेवा से जुड़ने का संदेश देते हुये कहा कि खैरागढ़ की धरती सदैव संस्कृति, शौर्य और सामाजिक चेतना की पहचान रही है। उन्होंने कहा कि संगठन समाज के हर वर्ग को साथ लेकर सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता की भावना के साथ कार्य करेगा। उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति, शिक्षा, महिला सम्मान और सामाजिक सहयोग जैसे विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संरक्षक डॉ.नीता सिंह ने खैरागढ़ राजपरिवार के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुये राजपरिवार के वैभवशाली इतिहास, सांस्कृतिक समृद्धि और समाज के प्रति उनके योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि खैरागढ़ की पहचान केवल संगीत नगरी के रूप में नहीं बल्कि संस्कृति, शिक्षा, कला और सामाजिक मूल्यों की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में भी रही है। उन्होंने कहा कि, राजपरिवार ने सदैव समाज को शिक्षा, संस्कृति और सेवा की दिशा में प्रेरित किया है।

### वरिष्ठ समाजसेवियों, चिकित्सकों और प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

समारोह में समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों, चिकित्सकों, साहित्यकारों एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी ठाकुर सुभाष सिंह गहरवार, समाज के अध्यक्ष लाल चिंताहरण सिंह, साहित्यकार विनयशरण सिंह, समाजसेवी रामकुमार सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनेक व्यक्तित्वों को सम्मान प्रदान किया गया। चिकित्सा क्षेत्र में डॉ.दिलीप सिंह, डॉ.रूना सिंह, डॉ.नीतिराज सिंह, डॉ.शिल्पी सिंह, डॉ.आकांक्षा सिंह एवं डॉ.सागर सिंह बघेल को सम्मानित किया गया। वहीं सामाजिक एवं जनसेवा क्षेत्र में विक्रांत सिंह, भागवत शरण सिंह, डॉ.विधा सिंह, सौंदर्या सिंह सहित अनेक प्रतिभाओं को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

### होनहार बच्चों और युवा प्रतिभाओं ने बढ़ाया समारोह का गौरव

कार्यक्रम में खेल, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों एवं युवाओं का सम्मान किया गया। फोटोग्राफी, फुटबॉल, स्केटिंग, तीरंदाजी, तबला वादन, बैडमिंटन एवं विज्ञान मॉडल जैसे क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया जिनमें समाज के होनहार यथार्थ सिंह- फोटोग्राफी, अथर्व सिंह- फुटबॉल, आध्यात्म सिंह- स्केटिंग, आध्या सिंह- तीरंदाजी नैशनल, अराध्या सिंह- मल्टी टैलेंट, आदित्य सिंह- तबला, नीतिका सिंह- बैडमिंटन, हर्षित चौहान- साइंस मॉडल, लाल सागर सिंह- फुटबॉल नैशनल, चैतन्यशरण सिंह- फुटबॉल के लिए सम्मानित किया गया।

### राजपूताना गौरव से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समारोह में प्रस्तुत राजपूताना गौरव के साथ राजस्थानी लोकनृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक वेशभूषा ने आयोजन को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। वीरता, संस्कृति और परंपरा पर आधारित प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया तथा आयोजन को यादगार बना दिया। पूरे आयोजन में अनुशासन, सामाजिक समरसता और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला। समारोह का सफल संचालन करते हुये संस्था के प्रमुख पदाधिकारी के रूप में कोषाध्यक्ष पूनम सिंह व मिडिया प्रभारी डॉ.विधा सिंह ने क्षत्रिय राजवंश खासतौर पर समाज की वीरांगनाओं के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा सामूहिक रात्रिभोज की व्यवस्था की गई। समारोह भव्यता, गरिमा और सामाजिक संदेशों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## पहला कॉलम...

### गुजरात ने बढ़ाई बैटरी ऊर्जा स्टोरेज क्षमता, 870 मेगावाट तक पहुंचा नेटवर्क

गांधीनगर। गुजरात ने नवीकरणीय ऊर्जा के उतार-चढ़ाव वाले उत्पादन को नियंत्रित करने और ग्रिड की स्थिरता को मतबूत करने के व्यापक प्रयासों के तहत पांच चालू स्थानों पर अपनी बैटरी ऊर्जा स्टोरेज क्षमता को बढ़ाकर 870 मेगावाट कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

राज्य की यह नई क्षमता वृद्धि, बैटरी ऊर्जा स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) को जल्दी अपनाने की उसकी पहल पर आधारित है। इसकी शुरुआत सबसे पहले मेहसाणा जिले के मोढेरा में हुई थी, जिसे भारत के पहले सौर-ऊर्जा संचालित गांव के रूप में मान्यता प्राप्त है, जहां सौर ऊर्जा उत्पादन को बैटरी स्टोरेज के साथ एकीकृत किया गया था। गुजरात ने इसी मॉडल का अनुसरण करते हुए धीरे-धीरे कई स्थानों पर स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर की तैनाती का विस्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक, अब राज्य भर में पांच स्थानों पर बैटरी स्टोरेज सिस्टम चालू हैं। हाल ही में चालू की गई सुविधाओं में अहमदाबाद जिले की साणंद तालुका के चारल स्थित एक सुविधा भी शामिल है। अन्य चालू स्थानों में मोढेरा और कच्छ स्थित लखपत शामिल हैं, जिससे कुल स्थापित क्षमता 870 मेगावाट तक पहुंच गई है। यह विस्तार, राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण रणनीति के तहत पहले चरणबद्ध तरीके से की गई स्थापनाओं के बाद किया गया है। मौजूदा परियोजनाओं के अलावा, अहमदाबाद, गांधीनगर, बनासकांठा, पाटन और कच्छ जिलों में 13 नई बैटरी स्टोरेज परियोजनाओं का पंजीकरण किया गया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य स्टोरेज क्षमता को और मजबूत करना तथा ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण को बढ़ावा देना है, क्योंकि सौर और पवन स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन लगातार बढ़ रहा है।

### आईपीएल देखकर लौट रहे दो दोस्तों को कार ने मारी भयंकर टक्कर, मौत

नई दिल्ली। आईपीएल-2026 का मैच देखकर लौट रहे दो दोस्तों की राष्ट्रीय राजधानी में सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दोनों दोस्त अपनी मोटरसाइकिल पर जा रहे थे तभी एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। ये हादसता शुक्रवार रात में नॉर्थईस्ट दिल्ली के खजूरी खास फ्लाइओर एकिया में हुआ। दोनों दोस्त अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मैच को देखकर लौट रहे थे।

समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, शुरुआती जानकारी के मुताबिक, जब दोनों दोस्त अपनी बाइक से फ्लाईओवर से नीचे उतर रहे थे तब एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। ये टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों ही मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतकों की पहचान हेमंत तिवारी और रोहित के नाम से की गई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्ट-मार्टम के लिए भेजा। मामले की आगे जान जांच जारी है।

कुछ इसी तरह का मामला 28 अप्रैल को सामने आया था जहां आईपीएल मैच देखकर लौट रहे दो लोगों की अशोक रोड़ पर एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। दोनों कजन थे और दिल्ली बनाम आरसीबी का मैच देखकर लौट रहे थे। रात के तकरीबन 10ः30 बजे छोटा भाई अभाव अपने पिता से बात कर रहा था और बता रहा था कि वह आधे घंटे के भीतर घर पहुंच जाएंगे, लेकिन बाद में दोनों भाइयों की मौत की खबर घर पहुंची।

### रोहित शर्मा बने पाकिस्तानी टीम के कप्तान?



मीरपुर। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच मीरपुर के शेर-ए बांग्ला नेशनल स्टेडियम में दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है. इस मुकाबले के दूसरे दिन (9 मई) ब्रॉडकास्टर से ऐसी गलती हो गई, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया.

दरअसल, दूसरे दिन के पहले सेशन के दौरान जब पाकिस्तान की प्लेइंग-11 स्क्रीन पर दिखाई गई, तो उसमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों की जगह भारतीय क्रिकेटर्स के नाम नजर आने लगे. यह देखकर फैन्स भी हैरान रह गए और सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई.ब्रॉडकास्ट ग्राफिक्स में पाकिस्तान की प्लेइंग-11 में रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार के नाम दिखा दिए गए. यानी पाकिस्तान की जगह पूरी 'टीम इंडिया' स्क्रीन पर नजर आ गई.

यह गलती सामने आते ही सोशल मीडिया पर मीम्स और मजेदार कमेंट्स की बाढ़ आ गई. एक यूजर ने लिखा, लगता है ग्राफिक्स टीम भी जानती है असली टीआरपी कौन लाता है. एक फैन ने मजाक में लिखा, पाकिस्तान सेलेक्शन कमेटी अब फोटोशॉप पर टीम चुन रही है. वहीं एक यूजर ने लिखा, यहां भी रोहित शर्मा कप्तान हैं और विराट कोहली को बाहर कर दिया गया. कुछ लोगों ने तो यह तक कह दिया कि शायद यह भारतीय दर्शकों का ध्यान खींचने की कोशिश थी. कई फैन्स इसे साधारण तकनीकी गलती मान रहे हैं, लेकिन कुछ लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी गलती आसानी से नहीं हो सकती.

# टीम इंडिया के 2 स्टार खिलाड़ियों को मिला NAýDAý का नोटिस



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में उस समय हलचल मच गई जब युवा स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और महिला टीम की विस्फोटक ओपनर शैफाली वर्मा को नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी यानी NAýDAý की ओर से नोटिस जारी किए जाने की खबर सामने आई।

दोनों खिलाड़ियों पर पिछले साल तय डोप टेस्ट के दौरान उपलब्ध नहीं रहने का आरोप है, जिसके कारण उनके खिलाफ पहला वेयरअबाउट्स फेल्योर दर्ज किया गया है।जानकारी के मुताबिक, दोनों खिलाड़ी NAýDA के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल यानी RTP का हिस्सा हैं। RTP में शामिल खिलाड़ियों को अपनी लोकेशन की जानकारी एंटी-डोपिंग एजेंसी के साथ साझा करनी होती है और तय समय पर टेस्ट के लिए उपलब्ध रहना पड़ता है। बताया जा रहा है कि यशस्वी और शेफाली ने मिस हुए टेस्ट को लेकर कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया, जिसके बाद उन्हें नोटिस भेजा गया।एक सूत्र ने PTI से कहा कि संबंधित खिलाड़ियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं और इसकी जानकारी BCCI और ICC को भी दे दी गई है। हालांकि NAýDA ने प्रक्रिया की गोपनीयता का हवाला देते हुए इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की।

इस मामले पर BCCI के एक सूत्र ने भी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हां, हमें NýADAý की ओर से मिस्ड टेस्ट की सूचना मिली है। हम उनसे पूछेंगे कि ऐसा कैसे हुआ और भविष्य में ऐसी चीजें न हों, इसके लिए जरूरी कदम उठाएंगे। क्रिकेट अब ओलंपिक में वापसी कर चुका है और हमें सभी प्रोटोकॉल का पालन करना होगा ताकि सबकुछ सुचारू रूप से चलता रहे। यह बयान 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने के संदर्भ में दिया गया। फिलहाल यशस्वी जायसवाल IPL 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं, जबकि शैफाली वर्मा हाल ही में साउथ अफ्रीका दौरे पर गई भारतीय महिला टीम का हिस्सा थीं।

RTP में शामिल खिलाड़ियों को हर दिन एक तय समय सीमा के दौरान टेस्टिंग के लिए उपलब्ध रहना अनिवार्य होता है। अगर कोई खिलाड़ी तीन बार टेस्ट मिस करता है, तो इसे डोपिंग नियमों का उल्लंघन माना जाता है और उस पर निलंबन जैसी कार्रवाई हो सकती है।

## विनेश फोगाट को डब्ल्यूएफआई ने दिया झटका, टूर्नामेंट से हुई बाहर



नई दिल्ली। भारतीय स्टार पहलवान विनेश फोगाट की मैट पर वापसी फिलहाल अधर में लटक गई है. भारतीय कुश्ती महासंघ ने उन्हें 10 से 12 मई तक गोंडा में होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से रोक दिया है. यह वही टूर्नामेंट है, जिसके जरिए विनेश फोगाट कुश्ती के मैट पर कमबैक करने वाली थीं. लेकिन वापसी से पहले ही डब्ल्यूएफआई ने विनेश पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए 15 पन्नों का कारण बताओ नोटिस थमा दिया.

डब्ल्यूएफआई ने विनेश फोगाट पर अनुशासनहीनता, एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन,भारतीय कुश्ती की छवि खराब करने और महासंघ के नियमों का पालन न करने जैसे आरोप लगाए हैं. महासंघ ने साफ कहा है कि विनेश 26 जून 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए पात्र नहीं होंगी.

डब्ल्यूएफआई के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के एंटी-डोपिंग नियमों के तहत संन्यास के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ियों को कम से कम 6 महीने पहले नोटिस देना जरूरी होता है. महासंघ का दावा है कि विनेश फोगाट ने यह प्रक्रिया पूरी नहीं की. इसी वजह से उन्हें फिलहाल किसी भी घरेलू टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति नहीं दी जा सकती.

## शेयर बाजार में भारी गिरावट निवेशकों के डूबे 2 लाख करोड़

मुंबई । अमेरिका और ईरान के बीच नए सिरे से तनाव बढ़ने के कारण नकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी50 और सेंसेक्स में गिरावट देखी गई।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 516.33 अंकों यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,328.19 पर बंद हुआ, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 150.50 अंक (0.62 प्रतिशत) गिरकर 24,176.15 पर पहुंच गया। दिन के दौरान, सेंसेक्स 77,631.94 पर खुलकर एक समय 77,146.43 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 24,233.65 पर खुलकर 24,126.65 के इंट्रा-डे लो पर पहुंच गया। व्यापक बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 0.15 प्रतिशत की गिरावट आई तो वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 0.22 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। विभिन्न सेक्टर्स की बात करें तो निफ्टी आईटी में सबसे ज्यादा 1.21 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली।

इसके अलावा, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी मीडिया, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी पीएसयू बैंक में 3.06 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.52 प्रतिशत, निफ्टी मेटल में 0.87 प्रतिशत, और निफ्टी ऑटो में 0.29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## आईपीएल: केएल राहुल ने रचा इतिहास, 3 टीमों से 1,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने



नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 51वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। दरअसल, राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए 1,000 रन पूरे कर लिए। वह लीग इतिहास में 3 टीमों से 1,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने। मैच में वह 14 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने आईपीएल में 500 चौके भी पूरे किए।

राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए पहला मुकाबला आईपीएल 2025 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 24 मैच खेले हैं और इसकी 24 पारियों में 50.35 की औसत से 1,007 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 162.41 की रही है। उनके बल्ले से 2 शतक और 6 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152* रन है। राहुल दिल्ली कैपिटल्स के लिए 1,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले 11वें बल्लेबाज हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए राहुल ने 38 पारियों में 41.47 की औसत और 130.67 की स्ट्राइक रेट से 1,410 रन बनाए थे। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए राहुल से ज्यादा रन सिर्फ निकोलस पूरन (1,564 रन) ने बनाए हैं। पंजाब किंग्स के लिए राहुल ने 55 मैचों की 55 पारियों में 56.62 की औसत और 139.76 की स्ट्राइक रेट से 2,548 रन बनाए थे। राहुल पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं।

आईपीएल में सबसे ज्यादा चौके विराट कोहली ने लगाए हैं। उनके बल्ले से 813 चौके निकले हैं। शिखर धवन दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 768 चौके लगाए हैं। डेविड वार्नर ने 663 और रोहित शर्मा ने 659 चौके जड़े हैं। अजिंक्य रहाणे 526 चौके के साथ 5वें और सुरेश रैना 506 चौकों के साथ छठे स्थान पर हैं। राहुल 500 चौके के साथ 7वें स्थान पर हैं। राहुल ने आईपीएल 2026 में 11 पारियों में 468 रन बनाए हैं।

## चहल के कारण बीसीसीआई ने अर्शदीप पर कसी नकेल, ब्लॉग बनाने पर लगाई रोक



नईदिल्ली,। इंडियन प्रीमियर लीग के बीच पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर बड़ा एक्शन लिया गया है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तेज गेंदबाज को कथित तौर पर अपनी ब्लॉगिंग गतिविधियां बंद करने को कहा है. अर्शदीप सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहते हैं और वो बिहाइंड-द-सीन्स नाम से ब्लॉगिंग भी करते रहते हैं. जिसमें वो अपने टीम के साथियों के साथ मैच से पहले और बाद की एक्टिविटी को दिखाते रहते हैं. जिसको काफी ज्यादा पसंद भी किया जा रहा है.

बीसीसीआई ने ये सख्त कार्रवाई साथी खिलाड़ी युजवेंद्र चहल से जुड़े एक विवाद के बाद की है. दरअसल एक ट्रैवल वीडियो में चहल को फ्लाइट के दौरान कथित तौर पर वेपिंग (ई-सिगरेट पीना) करते हुए दिखाया गया था. यह मुद्दा तब सामने आया जब अर्शदीप के व्लॉग के कुछ सोशल मीडिया क्लिप वायरल हो गए. इन क्लिप्स में ऐसा लग रहा था कि चहल अपने बाएं हाथ की हथेली के नीचे कुछ छिपा रहे हैं और फिर वेपिंग करने जैसा इशारा कर रहे हैं. फुटेज में धुएं का एक छोटा सा कश भी दिखाई दे रहा था.

हालांकि, अर्शदीप के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए ओरिजिनल वीडियो में कथित तौर पर यह पूरा सीक्वेंस शामिल था, लेकिन बाद में इस क्लिप को एडिट कर दिया गया. इसके बावजूद, यह फुटेज ऑनलाइन बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच चुका था. लेकिन अब तक, न तो बीसीसीआई और न ही पंजाब किंग्स ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी किया है.इस आईपीएल सीजन में वेपिंग से जुड़ा यह दूसरा मामला है. इससे पहले, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम के अंदर वेपिंग करते देखा गया था.

## 1.5 करोड़ के गैस के गबन में बड़ा खुलासा: जिला खाद्य अधिकारी ने गैस एजेंसी संचालक के साथ मिलकर रची साजिश

महासमुंद। छत्तीसगढ़ के महासमुंद से एक ऐसी खबर आई है, जिसने प्रशासनिक अमले और कानून व्यवस्था को हिला कर रख दिया है। जिस अधिकारी पर जिले की खाद्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी थी, वही निकला 1.5 करोड़ के गैस गबन का मास्टरमाइंड। पुलिस ने महासमुंद के जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव समेत तीन मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। 15 दिनों की जांच और 40 सदस्यीय टीम की मेहनत ने इस गैस कांड की एक-एक परत खोल दी है।



### सुरक्षा के नाम पर खेला खेल

मिली जानकारी के मुताबिक, महासमुंद से 6 एलपीजी कैप्सूल गायब होने की सनसनीखेज जानकारी पिछले महिने सामने आई थी। जिन्हें पुलिस ने दिसंबर 2025 में जब्त किया था। सिंघोड़ा थाने में सुरक्षा की कमी का बहाना बनाकर इन्हें सुरक्षित रखने के नाम पर एक ऐसा खेल खेला गया, जिसकी पटकथा कलेक्टोरेट के गलियारों में लिखी गई। मास्टरमाइंड था, जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव। साजिश की शुरुआत 23 मार्च को हुई।

खाद्य अधिकारी अजय यादव ने गौरव गैस एजेंसी के संचालक पंकज चंद्राकर के साथ मिलकर 1 करोड़ रुपये उड़ाने का प्लान बनाया। 26 मार्च की आधी रात को सिंघोड़ा थाने में चोरी-छिपे गैस का आंकलन किया गया। तय हुआ कि 102 टन गैस गायब की जाएगी...! फर्जीवाड़ा यहीं नहीं रुका। गैस निकालने के बाद रायपुर की ठाकुर पेट्रोकेमिकल के साथ मिलकर कागजों में कूटरचना की गई। जिस वजन का पंचनामा कलेक्टोरेट में दोपहर को जमा हुआ, असल में वो वजन रात को 8 बजे हुआ था। यानी खेल पहले ही फिक्स था।

### खाद्य अधिकारी को मिले थे 50 लाख नकद

जब पुलिस का शिकंजा कसा, तो आरोपियों ने आरंग के एक ढाबे में बैठकर बचने की योजना बनाई। लेकिन तकनीकी विश्लेषण और साइंटिफिक इंटेरोगेशन के सामने ये टिक नहीं पाए। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों के होम अप्लायंसेज, मोबाइल और नकदी बरामद की है। 80 लाख में हुई थी डील, खाद्य अधिकारी के घर पहुंचे थे 50 लाख कैश। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता यानी BNS की धारा– 316(3), 316(5), 61, 238, 336(3), 338, 340(2) और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 और 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्टः इंटेलिजेंस......**

से जुड़े थे। जिसका खुलासा जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 1 दिन पहले हरियाणा से किया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं।

**कोल लेवी घोटालाः सूर्यकांत के ड्राइवर....**

राज्य शासन की तरफ से कहा गया कि जांच में यह सामने आया कि नारायण साहू कथित कोल लेवी सिंडिकेट के जरिए करीब 13 करोड़ रुपए की नकद अवैध वसूली में शामिल था। आरोपी पिछले करीब ढाई साल से फरार चल रहा था। एजेंसी की पूछताछ से लगातार बचने की कोशिश कर रहा था। साथ ही जांच में सहयोग नहीं कर रहा था। इस मामले में पहले ही कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इस मामले में सभी पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने माना कि नारायण साहू सिर्फ ड्राइवर नहीं, बल्कि पूरे वसूली नेटवर्क का एक्टिव मेंबर था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में माना कि जांच एजेंसियों को नारायण साहू के खिलाफ गंभीर और ठोस सबूत मिले हैं। कोर्ट के अनुसार, नारायण साहू सूर्यकांत तिवारी का भरोसेमंद व्यक्ति था और कथित अवैध वसूली तंत्र में अहम भूमिका निभा रहा था। जांच के दौरान जब्त की गई हैंड रिटन डायरी में भी नारायण साहू के नाम से कई एंट्रियां मिलने का दावा किया गया है।

**सीबीआई की कार्रवाईः 27337....**

रिलायंस एडीए ग्रुप के खिलाफ सीबीआई की यह कार्रवाई भारत में कॉर्पोरेट और वित्तीय प्रणाली की खामियों का फायदा उठाने वालों के लिए एक सख्त चेतावनी है। इस पूरे मामले की सीधी निगरानी देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के दखल और सीबीआई की तेज होती कार्रवाई के चलते आने वाले दिनों में कंपनी के शीर्ष प्रबंधन और निदेशकों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं, साथ ही बैंकिंग सेक्टर के नियमों में और सख्ती देखने को मिल सकती है।

**अग्नि मिसाइल के आधुनिक वेरिएंट....**

भारत ने शुक्रवार को एक बेहद ताकतवर मिसाइल को आसमान में दागा है। यह एमआईआरवी तकनीक वाली उन्नत अग्नि मिसाइल है। आसान और सीधे शब्दों में कहें तो, इस एक अकेली मिसाइल के अंदर यह अद्भुत ताकत है कि यह अपने साथ कई सारे हथियार या पेलोड एक ही समय में ले जा सकती है। जब इस मिसाइल को दागा जाता है, तो यह अपने रास्ते में आगे जाकर अलग-अलग हिस्सों में बंट जाती है और एक ही समय में कई अलग-अलग जगहों पर मौजूद निशानों पर एकदम सटीक हमला कर सकती है। इस सफल उड़ान ने यह पक्का कर दिया है कि हमारी यह तकनीक बिना किसी चूक के एक साथ कई काम कर सकती है। इस उन्नत और खास अग्नि मिसाइल का यह उड़ान परीक्षण ओडिशा के समुद्री तट से दूर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया है। भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा परीक्षण 8 मई 2026, दिन शुक्रवार को किया गया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप भारत की वह अहम जगह है जहाँ से देश अपने सबसे बड़े और मारक हथियारों की जांच करता है। ठीक यहीं से इस नई एमआईआरवी प्रणाली वाली मिसाइल को परीक्षण के लिए आसमान में छोड़ा गया।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि 8 मई 2026 को हुए इस सफल परीक्षण के बाद यह साफ हो गया है कि इस द्वीप से दागी गई इस मिसाइल ने अपनी उड़ान को पूरी तरह से तय किए गए रास्ते पर बिना भटके पूरा किया। इस परीक्षण के दौरान अग्नि मिसाइल को एक बहुत बड़े और विस्तृत इलाके में अपने लक्ष्यों को भेदने का सबसे अहम काम सौंपा गया था। इस मिसाइल को कई पेलोड यानी अलग-अलग मारक हथियारों के साथ उड़ान परीक्षण के लिए भेजा गया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन सभी पेलोड ने हिंद महासागर क्षेत्र में फैले हुए एक बहुत बड़े और विशाल भौगोलिक इलाके में अपने-अपने तय किए गए अलग-अलग लक्ष्यों पर एकदम सटीक निशाना लगाया। इसका सीधा सा मतलब यह है कि मिसाइल ने हिंद महासागर के ऊपर लंबी उड़ान भरी और उसके अंदर मौजूद अलग-अलग पेलोड ने दूर-दूर मौजूद निशानों को एक साथ खोज कर उन पर बिना किसी गलती के वार किया। यह हमारी तकनीक का एक बहुत बड़ा और शानदार प्रदर्शन है।

**केरल में सीएम को लेकर फंसा पेच....**

बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है और अपनी तरफ से गेंद आलाकमान के पाले में डाल दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की केरल प्रभारी दीपा दासमुंशी ने जानकारी दी है कि सभी कांग्रेस विधायकों ने एक पंक्ति के प्रस्ताव (वन-लाइन रेजोल्यूशन) पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस प्रस्ताव के जरिए विधायकों ने राज्य के नए मुख्यमंत्री का चुनाव करने का पूरा अधिकार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व यानी हाईकमान को सौंप दिया है। इसका सीधा मतलब यह है कि अब विधायक दल की तरफ से मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कोई आपसी खींचतान या विवाद नहीं होगा।

विधायकों का प्रस्ताव मिलने के बाद अब मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम मुहर दिल्ली से ही लगेगी। दीपा दासमुंशी ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इस मामले में अंतिम निर्णय लेंगे। ये दोनों बड़े नेता राज्य के राजनीतिक हालात और विधायकों के प्रस्ताव पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद ही कोई अंतिम फैसला लेंगे। दीपा दासमुंशी ने पत्रकारों से बातचीत में यह भी बताया कि पार्टी नेतृत्व सभी पहलुओं पर विचार कर रहा है और नाम की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। उनके पास 23 मई तक का समय है, इसलिए उससे पहले कभी भी नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान हो सकता है। रमेश चेन्नितला ने भी साफ किया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सभी मुद्दों पर चर्चा हो चुकी है और अब अंतिम फैसला वही करेंगे। इस बीच केरल में मुख्यमंत्री पद की दावेदारी को लेकर पार्टी के अंदर ही घमासान तेज हो गया है और कुछ जगहों पर समर्थकों द्वारा भारी विरोध प्रदर्शन किए गए हैं। दीपा दासमुंशी ने इन घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए साफ और कड़ा संदेश दिया है कि ऐसी अनुशासनहीनता कांग्रेस की संस्कृति का हिस्सा बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी अनुचित घटनाएं हुई हैं, वे पार्टी की गरिमा के खिलाफ हैं और एक अनुशासित पार्टी में ऐसे हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, वीडी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्नितला ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से संयम बनाए रखने, एकजुट रहने और ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण गतिविधियों से बचने की सख्त अपील की है।

**अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत....**

बड़ी अड़चन तेहरान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने को लेकर फंसी हुई है। ईरान चाहता है कि उसे आर्थिक पाबंदियों से राहत मिले, लेकिन अमेरिका इस पर फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। यही वजह है कि बातचीत की प्रगति में देरी हो सकती है। मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को संकेत दिए कि उन्हें ईरान की ओर से जवाब का इंतजार है। वर्जीनिया में अपने गोल्फ कोर्स जाने से पहले उन्होंने पत्रकारों से कहा कि शायद आज रात तक ईरान का जवाब मिल जाए। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान जानबूझकर देरी कर रहा है, तो उन्होंने कहा कि यह जल्द ही पता चल जाएगा। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जो फिलहाल इटली के दौरे पर हैं, ने उम्मीद जताई कि ईरान की ओर से एक गंभीर प्रस्ताव आएगा। रुबियो का मानना है कि ईरान के भीतर की राजनीतिक अस्थिरता और वहां का खराब सिस्टम बातचीत में देरी का एक बड़ा कारण हो सकता है। पश्चिम एशिया में तनाव तब और बढ़ गया था जब 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने भी पलटवार किया था। इस वजह से होर्मुज के समुद्री रास्ते में जहाजों की आवाजाही पर बुरा असर पड़ा। हालांकि, पाकिस्तान की मध्यस्थता से 8 अप्रैल को युद्धविराम लागू हुआ, लेकिन 11 अप्रैल की बातचीत बेनतीजा रही थी। राष्टपति ट्रंप ने इस युद्धविराम को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है, लेकिन 13 अप्रैल से अमेरिका ने ईरानी जहाजों की नाकेबंदी कर रखी है। ट्रंप का कहना है कि यह समझौता सिर्फ एक पन्ने का नहीं है, बल्कि इसमें ईरान को परमाणु हथियार न बनाने और अपना परमाणु कचरा अमेरिका को सौंपने जैसी बड़ी शर्तें शामिल हैं।

**पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री....**

इसमें हवाला, विदेशी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग के कई एंगल भी सामने आ रहे हैं। ईडी को शक है कि दुबई से भेजे गए अवैध पैसे को भारत में वैध निवेश के रूप में दिखाने के लिए कंपनियों का इस्तेमाल किया गया। सीएम भगवंत मान ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज एक बार फिर भाजपा की ईडी संजीव अरोड़ा के घर आई है। एक साल में यह तीसरी बार है जब भाजपा की ईडी उनके घर आई है। और पिछले एक महीने में दूसरी बार। फिर भी उन्हें कुछ नहीं मिला। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूं कि पंजाब गुरुओं की भूमि है, जिसे औरंगजेब भी अपने अधीन नहीं कर सका। यह भगत सिंह की भूमि है, जिन्होंने अंग्रेजों के सामने कभी सिर नहीं झुकाया, इसलिए पंजाब मोदी की चालों के आगे कभी नहीं झुकेगा। ईडी-भाजपा के इस अनैतिक गठबंधन का अंत पंजाब से ही शुरू होगा।

# स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मिला 6-6 लाख का आर्थिक संबल, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

मोहला(दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2026 ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रहा है। विकासखंड मानपुर के अंतर्गत ग्राम साल्हेभट्टी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर इसका जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया, जहां एनआरएलएम बिहान योजना के तहत स्व सहायता समूह की महिलाओं को बैंक लिंकेज के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया।



जन समस्या निवारण शिविर में महिलाओं को मिला आर्थिक सशक्तिकरण, सुशासन तिहार बना रोजगार का आधार

इस शिविर में ग्राम जामड़ी की पदम वैष्णव देवी स्व सहायता समूह की 11 महिलाओं को सामूहिक मक्का खेती के लिए 6 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। समूह की सभी महिलाएं मध्यमवर्गीय किसान परिवारों से जुड़ी हैं और लंबे समय से खेती-किसानी में संलग्न रही हैं। अब इस आर्थिक सहयोग से वे संगठित होकर आधुनिक तरीके से सामूहिक मक्का उत्पादन करेंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से अधिक मजबूत बन सकेंगी। इसी प्रकार ग्राम औंधी की संत मरियम स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं को भी 6 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। यह महिलाएं होटल व्यवसाय शुरू करने की योजना बना रही हैं। वर्तमान में ये महिलाएं स्कूलों में मध्यान्ह भोजन कार्य से जुड़ी हुई हैं, लेकिन अब इस ऋण सहायता से वे अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आय के नए स्रोत विकसित करेंगी। दोनों समूहों की महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और उत्साह साफ झलक रहा था। उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार उनके जीवन में एक नई उम्मीद लेकर आया है। समूह की महिलाओं ने कहा कि, पहले हमें अपने कार्य को आगे बढ़ाने के लिए संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब शासन की इस पहल से हमें आर्थिक सहयोग मिला है। इससे हम अपना खुद का रोजगार शुरू कर पाएंगी और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकेंगी। सुशासन तिहार हमारे लिए आत्मनिर्भर बनने का एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। सुशासन तिहार 2026 केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग– विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस पहल ने न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और स्वाभिमान को भी नई ऊंचाई दी है।

# भाजपा व जनसंघ के पितृ पुरुषों का अंग बंग और कलिंग का सपना हुआ साकार- अग्रहरि

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह-कार्यालय प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत को वहां की भद्र मानुष जनता की जीत बताते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हर जगह खिलने वाला कमल ईवीएम मशीन से नहीं बल्कि सैकड़ों भाजपाईयों की खून से खिला है?, इसके लिए उन्होंने पश्चिम बंगाल की भद्र मानुष जनता को नई भाजपा सरकार के लिए कोटिश- बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

श्री अग्रहरि ने कहा कि पश्चिम बंगाल को कांग्रेस, कम्युनिस्ट व तृणमूल कांग्रेस द्वारा लंबे समय से राज कर कंगाल बना दिया था कट मनी, तोला बाजी और सिंडिकेट के माध्यम से तृणमूल की ममता सरकार ने निर्ममता से लूट- खसोट की थी इससे पश्चिम बंगाल की जनता खासी त्रस्त थी और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की और अपना झुकाव दिखाते हुए भाजपा को भारी मतो से विजयी बनाते हुए उनके माथे पर जीत का सेहरा सजा दिया।



श्री अग्रहरि ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता।

तृणमूल की रक्त चरित्र से कराह रही थी जनता

तृणमूल की रक्त चरित्र से कराह रही थी। माता- बहन - बेटियां बलात्कार का शिकार हो रही थी।

प्रदेश में काम का अभाव था इसलिए लोग दूसरे प्रांतों में मजदूरी करने जाने विवश थे जबकि मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी द्वारा अल्पसंख्यक वोटों के खातिर बंगला देश से लोगों को बुला कर यहां बसाया जा रहा था, पश्चिम बंगाल की जनता का पेट मार रहे बंगला देशी गुंडा गर्दी कर प्रदेश को रक्त रंजित कर रहे थे वहीं तृणमूल के नेताओं की जनता से लूट खसोट कर पश्चिम बंगाल को कंगाल बना देने का काम कर रहे थे, इसके बाद वहां की जनता ने इन तोलाबाजियो को दर किनार कर और भारी बहुमतो के साथ भाजपा को सत्ता सौंप कर दिखा दिया कि देश की जनता को ज्यादा दिनों तक मूर्ख नहीं बनाया जा सकता, लोगों को ज्यादा दिनों तक लूटा खसोटा नहीं जा सकता, इन्हें बहू - बेटियों के इज्जत के साथ खिलवाड़ करने नही दिया जा सकता अंत में पश्चिम बंगाल की जनता ने ऐसा कर दिखाया और जनसंख्या व भाजपा के पितृ पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के अंग बंग और कलिंग में भगवा ध्वज फहराने के सपने को प्रधानमंत्री मोदी जी,गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन सहित मुख्यमंत्री बने शुभेंदु अधिकारी और भाजपा संगठन के लोगों सहित प्रदेश की जनता ने कर दिखाया इसके लिए उन्होंने पश्चिम बंगाल की जनता का कोटि-कोटि नोमोस्कार करते हुए उन्हें खूब खूब बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, किसान भाई मृदा स्वास्थ्य के अनुरूप खाद का करें उपयोग

राजनांदगांव (दावा)। जिले के सहकारी समितियों में खरीफ 2026 हेतु उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा का भंडारण किया जा चुका है। साथ ही शासन द्वारा 30 अप्रैल से किसानों को पॉश मशीन के माध्यम से खाद वितरण किए जाने संबंधी निर्देश भी प्रसारित किए गए हैं। इस वर्ष खरीफ सीजन में धान के अतिरिक्त दलहन एवं तिलहन फसलों में उपयोग होने वाले उर्वरकों की मांग के अनुरूप खाद का भंडारण समय पूर्व सुनिश्चित कर लिया गया है। कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों के माध्यम से किसानों को केवल रासायनिक उर्वरकों का उपयोग न कर मृदा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जैव उर्वरकों, तरल यूरिया, तरल डीएपी, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग हेतु जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने सभी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि किसानों को उर्वरकों के उठाव में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मात्रा के अनुसार पॉश मशीन के माध्यम से नियमानुसार उर्वरकों का वितरण एवं जानकारी का संधारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनावश्यक खाद की कालाबाजारी को रोका जा सके। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में कुल 36 हजार 509 टन उर्वरक उपलब्ध है। इसमें यूरिया 13 हजार 752 टन, डीएपी 3 हजार 350 टन, एनपीके 9 हजार 806 टन, पोटाश 3 हजार 422 टन तथा एसएसपी 6 हजार 179 टन खाद सहकारी एवं निजी केन्द्रों में उपलब्ध है, जो इसी अवधि में गत वर्ष की उपलब्धता की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष समितियों में यूरिया, डीएपी एवं पोटाश के अतिरिक्त एनपीके, एसएसपी, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का भी पर्याप्त मात्रा में भंडारण किया गया है। किसान सामान्यतः बीज बोवाई के समय एक एकड़ धान फसल में बेसल मात्रा के रूप में यूरिया, डीएपी एवं पोटाश का उपयोग करते हैं। इसके साथ ही किसान एक एकड़ धान फसल हेतु डीएपी के स्थान पर दो बोरी एनपीके खाद जैसे 12:32:16, 20:20:0:13, 16: :16:16, 24:24:0 एवं 28:28:0 का उपयोग कर यूरिया की खपत को कम कर सकते हैं। समितियों एवं निजी विक्रेताओं को डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके खाद तथा टॉप ड्रेसिंग हेतु नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग एवं लाभों से किसानों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कृषि विभाग द्वारा धरती माता बचाओ अभियान के माध्यम से नील हरित शैवाल के उपयोग को किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने हेतु जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। किसानों को उनके प्रक्षेत्र में ही नील हरित शैवाल उत्पादन एवं उपयोग की विधि की जानकारी दी जा रही है। नील हरित शैवाल एक ऐसा जैव उर्वरक है, जो खेतों में पानी भरे रहने की स्थिति में शैवाल के रूप में विकसित होता है तथा वायुमंडलीय नाइट्रोजन को मृदा में स्थिर करता है। इसके उपयोग से रासायनिक यूरिया की आवश्यकता को कम किया जा सकता है। कृषकों के हित में जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। किसानों से अपनी आवश्यकता अनुसार सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से खाद प्राप्त करें तथा मृदा स्वास्थ्य के अनुरूप संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की है।



नील हरित शैवाल के उपयोग को किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने हेतु चलाया जा रहा जनजागरूकता अभियान
नील हरित शैवाल मृदा में नाइट्रोजन स्थिरीकरण में सहायक

# प्रेस फोटोग्राफर अमित चटर्जी को पत्नी शोक

राजनांदगांव (दावा)। प्रेस फोटोग्राफर अमित चटर्जी की धर्मपत्नी मोनिका चटर्जी का शुक्रवार रात 8.15 बजे निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। 42 वर्षीय श्रीमती चटर्जी अपने पीछे एक पुत्री समेत पति को छोड़ गई।



लंबी बीमारी के चलते वह काफी दिनों से अस्पताल में भर्ती थी। राजधानी रायपुर के बालाजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। शुक्रवार देर रात लगभग 8.15 बजे उनकी निधन की खबर आई। उनके पति अमित चटर्जी राजनांदगांव के बेहतरीन फोटोग्राफरों में से एक हैं। इधर शनिवार दोपहर को उनका अंतिम संस्कार रायपुर के माना कैम्प स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा राजनांदगांव के मीडिया जगत के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। अंत्येष्ठि में परमानंद रजक, अभिषेक यादव, रोहित देवांगन, अवधेश यादव, हफीज खान, लोकेश रजक, दीपक साहू, श्रेयांश वर्मा समेत अन्य लोग शामिल थे।

# आदिवासी किसान रैनु राम को मिला भूमि अधिकार, खुशियों से खिला चेहरा

पेज 7 (07 मई 2026 फोटो-पीआरओएमएमएसी)

मोहला(दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2026 आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन का एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है। इसी कड़ी में विकासखंड मानपुर के अंतर्गत ग्राम साल्हेभट्टी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में ग्राम सेण्डेवाही के आदिवासी किसान रैनु राम, जो वर्षों से अपनी भूमि के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज़ के अभाव में कई प्रकार की परेशानियों का सामना कर रहे थे, उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत उन्हें भूमि का पट्टा पत्रक प्रदान किया गया। पट्टा मिलने के बाद श्री रैनु राम के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने भावुक होकर कहा कि अब उन्हें अपनी जमीन का कानूनी अधिकार मिल गया है, जिससे वे न केवल निश्चिंत होकर खेती कर सकेंगे बल्कि भविष्य में शासकीय योजनाओं का भी पूरा लाभ उठा पाएंगे। उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा सुशासन तिहार हमारे जैसे ग्रामीण और आदिवासी किसानों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं हैं। पहले हमें छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब अधिकारी स्वयं गांव में आकर हमारी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इससे हमें समय, श्रम और धन तीनों की बचत हो रही है। सुशासन तिहार 2026 वास्तव में शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है, जो आम नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस पहल ने प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया है, और यह विश्वास ही एक सशक्त एवं विकसित समाज की नींव है।




जन समस्या निवारण शिविर में समाधान, रैनु राम को मिला भूमि स्वामित्व का अधिकार

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र का किया भूमिपूजन

कवर्धा (दावा)। कवर्धा के विकास की यात्रा में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा कबीरधाम जिले में विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाया गया। छत्तीसगढ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सांसद संतोष पाण्डे ने शहर के नवीन बस स्टैंड के समीप 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। 2.06 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाला यह उपकेंद्र कवर्धा की विद्युत व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा।

विकास की नई ऊर्जा-कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, बिजली सिर्फ तारों में बहने वाला करंट नहीं, बल्कि विकास की जीवन रेखा है। जब घर-घर निर्बाध बिजली पहुँचती है, तो केवल अंधेरा दूर नहीं होता, बल्कि समृद्धि के द्वार खुलते हैं। हमारी सरकार का संकल्प है कि विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने इस परियोजना के बहुआयामी लाभ गिनाते हुए कहा कि, इससे हमारे किसानों को सिंचाई के लिए लो-वोल्टेज से मुक्ति मिलेगी, स्थानीय व्यापारियों को नए अवसर मिलेंगे और विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। यह पावर हाउस कवर्धा के उज्ज्वल भविष्य का केंद्र बनेगा। सुशासन और संकल्प-उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 'सुशासन' के विजन को हम कवर्धा की धरती पर उतार रहे हैं। उन्होंने विभाग के इंजीनियरों और कर्मचारियों को इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए बधाई दी।



02 करोड़ 06 लाख की लागत से निर्मित होने वाले इस उपकेन्द्र से 8614 उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली

तकनीकी विवरण और लाभ-लागत- 2.06 करोड़ रूपये। क्षमता- 1×5.0 MVA। लाभान्वित उपभोक्ता:-लगभग 8614। मुख्य उद्देश्य:- विद्युत भार का बेहतर प्रबंधन, लो-वोल्टेज का निराकरण और 24×7 गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डे ने भी इस परियोजना को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। विभागीय अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि, भूमिपूजन के तत्काल पश्चात निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में विद्युत भार का बेहतर प्रबंधन होगा, जिससे ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं का समाधान होगा और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि, स्थानीय पदाधिकारी, सीएसपीडीसीएल के अधिकारी एवं भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर महिलाओं के लिए कैंसर जांच शिविर का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, महिलाओं के लिए कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जिले के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में नागरिकों द्वारा कुल 56 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसके अंतर्गत मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में 17 यूनिट, जिला अस्पताल ब्लड बैंक में 13 यूनिट, नांदगांव ब्लड बैंक में 13 यूनिट, बालाजी ब्लड बैंक में 5 यूनिट, बिलासा ब्लड बैंक में 3 यूनिट, लाइफ लाइन ब्लड बैंक में 5 यूनिट रक्तदान किया गया। इसके साथ ही जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, ब्लॉक स्तर पर सीएचसी केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सिकलिंग, थैलेसिमिया, एनीमिया (खून की कमी) की जांच, रक्तचाप और मधुमेह का परीक्षण किया गया। महिलाओं की अन्य शारीरिक समस्याओं एवं प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया गया। जिला स्तर पर महिलाओं के लिए आयोजित कैंसर जांच शिविर में कैंसर स्क्रीनिंग ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक जांच की गई।




56 यूनिट हुआ रक्तदान

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोयायटी डॉ. नेतराम नवरतन ने इंडियन रेडक्रास सोयायटी द्वारा दी जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1918 एवं 1920 में स्पेनिश फ्लू महामारी की अवधि में सोयायटी को मान्यता प्राप्त हुई। इस अवसर पर उन्होंने रेडक्रास के संस्थापक हेन्ड्री डुनेंट को याद किया। सह सचिव रेडक्रास सुशील जैन एवं हेमंत तिवारी ने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया तथा सेवा कार्यों के लिए प्रेरित किया। दिग्विजय महाविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री पघनिया ने 26वीं बार रेडक्रास डे में रक्तदान किया।

इस अवसर पर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रबंधक सह जिला संगठक प्रदीप शर्मा ने रेडक्रास डे पर रक्तदान शिविर तथा ब्लड बैंक के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस दौरान उत्तम चंद जैन, राजेश जैन, परंपरा ग्रुप के दिव्यांशु गोलछा, मनोज सिंह, रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारी, सदस्य, वालेंटियर, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोहला जिले में चिल्लर संकट, व्यापारी परेशान - योगेंद्र सिंगने

मोहला(दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 10-20 रुपये के नोट और सिक्कों की भारी कमी से व्यापारी और ग्राहक परेशान हैं। किराना, सब्जी, मेडिकल व छोटे दुकानदारों को रोज खुदरा नहीं मिलने से दिक्कत हो रही है। व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंगने ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए जल्द बैंक अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। समय रहते व्यवस्था नहीं बनी तो व्यापारी संघ आंदोलन की रणनीति बनाएगा। व्यापारियों ने जिला प्रशासन से लीड बैंक के माध्यम से विशेष चिल्लर शिविर लगाने की मांग की है।



# साहू समाज भवन निर्माण की स्वीकृति पर ग्रामवासियों ने विधायक भोलाराम साहू का जताया आभार

राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-बखरूटोला (छुरिया) के ग्रामवासियों ने कुलदीप साहू के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू के निज निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम में साहू समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। ग्रामवासियों ने बताया कि लंबे समय से साहू समाज के लिए एक सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जहां सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों का आयोजन सुचारू रूप से किया जा सके। विधायक भोलाराम साहू के प्रयास एवं अनुशंसा से अब ग्राम-बखरूटोला में साहू सामुदायिक भवन निर्माण हेतु मंडी बोर्ड निधि से 10 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि, सामुदायिक भवन बनने से समाज के लोगों को बैठकों, सामाजिक आयोजनों, विवाह कार्यक्रमों तथा अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा मिलेगी। इससे गांव में सामाजिक एकता और आपसी समन्वय को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक भोलाराम साहू ने ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, क्षेत्र के विकास एवं समाजहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक समाज एवं वर्ग को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर ललित आंचलें, दिलीप कुमार, महेंद साहू, खिलावन दास साहू, किशोर कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# राशन दुकान से हितग्राही 15 मई तक छुड़ा ले अपना तीन महीने का राशन, नहीं तो हो जाएगा लैंप्स

राजनांदगांव (दावा)। पिछले कुछ दिनों से शहर सहित जिले भर में हितग्राहियों को राशन दुकानों से अप्रैल, मई व आगामी जून माह का एकमुश्त तीन महीने का चांवल वितरण किया जा रहा है। बीच में खाद्य विभाग द्वारा पीडीएस की दुकानें में चांवल का भंडारण नहीं किए जाने से हितग्राही केवल अप्रैल माह का चांवल छुड़ा कर जा रहे थे। वहीं ई- केवाईसी नहीं कराए जाने के कारण कई हितग्राही अपना चांवल नहीं उठा पाए थे।



इधर कलेक्टर के निर्देश पर नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा सतर्कता दिखाते हुए जिले के 498 उचित मूल्य की दुकानों में चावंल का भंडारण कराए जाने पर हितग्राहियों को तीन महीने का चांवल एक मुश्त वितरण किया जाना शुरू हो गया। इसके राशन दुकानों में हितग्राहियों की भीड़ उमड़ पड़ी। अब इधर खाद्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को उक्त तीन माह का चांवल उठाने के लिए 15 मई तक का समय दे दिए जाने से राशन दुकानों में हितग्राहियों की लंबी कतारें लड़ने लगी है जिससे पीडीएस दुकान संचालकों का खाना-पीना नहाना-धोना हराम हो गया है।

### सुबह से देर शाम तक खुल रही राशन दुकानें

खाद्य विभाग द्वारा उक्त चांवल 15 मई तक उठाने के अल्टीमेटम दिए जाने और नहीं उठाने पर उक्त चांवल के लैप्स हो जाने की चेतावनी देने पर लोग जितना जल्दी हो सके अपने तीन माह का एकमुश्त चावल छुड़ाने, राशन दुकानों में लंबी कतारें लगाए हुए हैं।

इधर जब से जिले के हितग्राहियों को 15 मई तक शासकीय उचित मूल्य के दुकानों में तीन महीने का एकमुश्त चांवल उठाव करने के लिए कहा गया हैं, राशन दुकानों में हितग्राहियों की भीड़ उमड़ पड़ी है। खाद्य विभाग द्वारा पीडीएस संचालकों पर तेजी से वितरण का दबाव बनाए जाने से संचालक सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक व अपराह्न 4 बजे से रात में 8 बजे तक दुकान चालू रख कर हितग्राहियों को तीन महीने का एकमुश्त चांवल वितरण कर रहे हैं। इससे पीडीएस संचालकों का नहाना खाना हराम हो गया है।

### 15 मई तक राशन नहीं उठाने पर होगा लैप्स

खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी के हवाले से अधीनस्थ द्रोण कामड़े ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा पीडीएस की दुकानों से तेज़ी से एकमुश्त चांवल वितरण और फिर भंडारण करने की व्यवस्था लागू की है। बताया गया है। जिन हितग्राहियों ने अप्रैल माह का राशन नहीं लिया है, उनका राशन लैप्स नहीं हुआ। उन्हें 15 मई तक उठाव का समय दिया गया है। ऐसे हितग्राहियों को तीन माह का एकमुश्त का राशन मिलेगा। वहीं ऐसे हितग्राही जिन्होंने अप्रैल माह में केवल एक अप्रेल का राशन उठाव किया है, उन्हें मई और जून माह का राशन वितरण किया जायेगा। यानि कि उनका शेष दो माह का राशन लैप्स नहीं होगा।

### लापरवाही पर पीडीएस संचालकों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

खाद्य विभाग द्वारा तीन माह का एकमुश्त चांवल वितरण के लिए पीडीएस संचालकों को तेजी लाने के लिए कहा गया है। संचालकों को ज्यादा से ज्यादा समय तक दुकानें खुली रखने के लिए कहा गया है ताकि हितग्राही अपने तीन माह का एकमुश्त चावल उठा सकें। लापरवाही करने पर पीडीएस के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का तलवार लटका दिया गया है। इससे राशन दुकानदार सुबह से लेकर रात में 8 बजे तक अपनी दुकानें खोल रहें हैं। इस आपाधापी में मात्र 2 घंटे ही उन्हें आराम के लिए मिल पा रहा है। बहरहाल खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार 30 अप्रैल तक तीन माह का एकमुश्त राशन वितरण नहीं होने पर इसका अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 मई कर दी गई है, और इस तिथि तक यदि कोई भी हितग्राही अपने तीन महीने का चांवल उठा नहीं पाने से उसका चांवल लैंप्स हो जाएगा। इससे डर कर हितग्राही अपना चांवल उठाने अपने नजदीक के राशन दुकानों की ओर रुख कर रहे हैं। इससे राशन दुकानों में खासी भीड़ नजर आ रही है।

# मनगटा के रिसोर्ट में बिजली करंट से शहर के मासूम किशोर की गई जान

राजनांदगांव (दावा)। जिले के प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र मनगटा स्थित एक निजी रिसॉर्ट में बीती रात शहर के एक मासूम किशोर की करंट के चपेट में आने से जान चली गई। इससे पटरी पार क्षेत्र रामनगर में मातम पसरा हुआ है। शुक्रवार को हुई इस हृदय विदारक घटना को प्रबंधन की बड़ी लापरवाही माना जा रहा है। जिसके कारण रामनगर चिखली निवासी 16 वर्षीय यासिन खान पिता रफीक खान की जान चली गई। इससे लोगों में रिसार्ट वाले के खिलाफ आक्रोश देखी जा रही है। बता दें कि मनगटा पर्यटन केंद्र के एक रिसॉर्ट में स्थित स्विमिंग पूल परिसर में सजावट के लिए जिम्मा लाईटिंग की गई है। उक्त लाइटिंग में करंट प्रवाहित होने से वहां मौजूद एक 13 वर्षीय बालक उसकी चपेट में आ गया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और रिसॉर्ट्स की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



मृतक मासूम के निवास स्थान रामनगर में पसरा मातम, लोगों में आक्रोश

### हादसे से मची अफरा-तफरी

मिली जानकारी के अनुसार, घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे की है। बताया जा रहा है कि बालक अपने परिवार के साथ रिसॉर्ट में रुका हुआ था। स्वीमिंग पूल के किनारे बिजली की झालरें और डेकोरेटिव लाइट्स लगी हुई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बिजली के तारों में संभवतः शॉर्ट सर्किट या कट होने के कारण करंट पूरे क्षेत्र में फैल गया। बालक जैसे ही उस हिस्से के संपर्क में आया, वह बेहोश होकर गिर पड़ा। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी

बता दें कि मनगटा और आसपास के क्षेत्रों में संचालित रिसॉर्ट्स में अक्सर सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर सजावट की जाती है। विशेषकर स्विमिंग पूल जैसे संवेदनशील स्थानों पर जहाँ पानी और बिजली का सीधा संपर्क होने का खतरा रहता है, वहां उचित 'अर्थिंग' और इंसुलेशन की कमी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रबंधन ने समय रहते तारों की जांच की होती, तो यह अनहोनी टाली जा सकती थी। बताते चलें कि अभी कुछ दिनों पहले ही मनगटा पर्यटन केंद्र क्षेत्र के रिसार्टो में पुलिस द्वारा दबिश दी गई थी। रिस्टार्ट वालों को देर रात तक रिस्टार्ट खुला न रखने व अन्य सुरक्षा को लेकर निर्देश दिया गया था। इससे बाद भी रिस्टार्ट वालों द्वारा लापरवाही बरती गई। जिससे शहर के एक मासूम बालक को जान से हाथ धोना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही सोमानी थाने से पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विद्युत विभाग के विशेषज्ञों की मदद से यह पता लगाया जा रहा है कि करंट फैलने का मुख्य कारण क्या था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में रिसॉर्ट प्रबंधन की लापरवाही पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### क्षेत्र में आक्रोश, सुरक्षा ऑडिट की मांग

इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी रोष है। मांग की जा रही है कि जिले के सभी पिकनिक स्पॉट और रिसॉर्ट्स का तत्काल 'सेफ्टी ऑडिट' कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी और मासूम को अपनी जान न गंवानी पड़े।

# कांग्रेसी सहानुभूति और मनोबल बढ़ाने सुकुलदैहान जाते हैं या राजनीति की दुकान चमकाने - पारुल जैन

राजनांदगॉव(दावा)। पद्मश्री फूलबासन यादव के अपहरण के प्रयास के बाद सुकुलदैहान पहुंचकर श्रीमती यादव से सहानुभूति जताना, उनका मनोबल बढ़ाना तो निश्चित रूप से प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है। किन्तु उनसे मुलाकात की आड़ में अपनी राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के कांग्रेसियों के प्रयास की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पारूल जैन ने कड़ी आलोचना की है। प्रदेश सरकार सहित स्थानीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होने का उल्लेख करते हुए पुलिस प्रशासन की सजगता की प्रशंसा करना छोड़ आए दिन कांग्रेसी ना जाने किस टेंडर की बात करते हैं, जबकि पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव ने आज तक किसी टेंडर के विषय में कोई चर्चा नहीं की है। गत् दिनों कांग्रेसियों ने घोषणा की है कि, महिलाओं के घरों में जाकर समस्याएं सुनेंगे तो उन्हें मेरी सलाह है कि, शुरूआत वे दिसम्बर 2018 की तारीख से करें, जब महिला उत्पीड़न का छत्तीसगढ़ में उदय हुआ। रही बात कानून व्यवस्था की तो पहली बात तो यह है कि उनके अपहरण के प्रयास को कानून व्यवस्था के कारण ही विफल किया गया। दूसरी बात राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ में फर्जी और झूठे आंकड़ों से सिर्फ आलाकमान से नंबर जुटाए जा सकते हैं, आम जनता का विश्वास नहीं। अंत में महिला मोर्चा उपाध्यक्ष ने कांग्रेसियों को सुझाव दिया कि सुकुलदैहान पहुंचकर श्रीमती यादव और उनके परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त करें, उनका मनोबल बढ़ाए और महिला सशक्तिकरण के उनके प्रयास में हिस्सेदार बने, न कि वहां पहुंचकर अपनी राजनीति की दुकान खोलकर बैठ जाएं, बल्कि उन्हें पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार, कटमनी, रंगदारी, अपहरण, आत्महत्या, नशा व्यवसाय से विष्णुदेव की सरकार के स्वच्छ प्रशासन की तुलना ना कर अपने पुराने पाप धोने के प्रायश्चित करें।



प्रयास में पकड़ा जाना सजग कानून व्यवस्था का प्रशंसनीय उदाहरण

# सुखरी में अवैध रेत निकासी पर कार्यवाही, 5 ट्रैक्टर जब्त

डोंगरगांव(दावा)। क्षेत्र में शिवनाथ नदी के किनारे बसे ग्रामों में रेत की अवैध निकासी का अखबारों में सुर्खियाँ बनने के बाद लगातार कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम सुखरी में शिवनाथ नदी के किनारे रात में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर कलेक्टर राजनांदगांव के निर्देशानुसार एसडीएम डोंगरगांव के मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करते हुए शिवनाथ नदी किनारे नदी घाट ग्राम सुखरी में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते हुए ट्रेक्टर क्रमांक सीजी-08/एक्यू 2453, सीजी-08 /एआर 2079, सीजी-08/ वाई 4733, सीजी 08 एयू 3537, सीजी -09/ जेसी 0764 को थाना डोंगरगांव के सुपुर्द किया गया।



# स्कॉर्पियो और डंपर की जोरदार टक्कर में ड्राइवर की मौत

डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली में बीती रात खैरागढ़ डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग अछोली नाला के पास खड़े डंपर को पीछे से स्कार्पियो के जोरदार टक्कर से चालक की मौत हो गयी है, प्राप्त जानकारी अनुसार स्कार्पियो चालक नांगतरई निवासी विजय पटेल गांव के ही महेंद्र आईडीएफसी के स्कॉर्पियो को बुकिंग में बाराती को राजनांदगांव छोड़कर डोंगरगढ़ वापस लगभग रात्रि 2 बजे आया एवं चाय पीने के लिए अछोली स्थित ढाबा गया जहां से चाय पीने के पश्चात वह अपने गांव नागतराई के लिए निकला ही था, झबकी लगने से रोड पर खराब खड़े डंपर को पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए, ड्राइवर विजय पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मौके पर उपस्थित एवं डंपर ड्राइवर के द्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया, जिसका अछोली स्थित स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम करने के पश्चात शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।



# भाजपा शहर मंडल प्रभारी द्वारा नपा अध्यक्ष को नोटिस की बात पर भड़के वरिष्ठ नेता

## कार्यकर्ताओं ने कहा - 'अतिथि देवो भवः' का पालन कर शांति से सुनी बात, भविष्य में मर्यादा में रहने की दी सलाह

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर भाजपा मंडल प्रभारी भावेश बैद द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में दिए गए एक विवादित बयान ने तूल पकड़ लिया है। बैठक में कार्यकर्ताओं को गुटबाजी से दूर रहने की सलाह देते हुए प्रभारी ने डोंगरगढ़ के प्रथम नागरिक (नगर पालिका अध्यक्ष) को 'कारण बताओ नोटिस' देने की बात कही, जिस पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और संस्थापक सदस्यों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है।



### हमारी आन-बान और शान हैं नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद

वरिष्ठ नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद डोंगरगढ़ भाजपा की आन-बान और शान हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभारी को समझाइश देते हुए कहा गया कि डोंगरगढ़ के कार्यकर्ता अपनी मर्यादाओं को अच्छी तरह जानते हैं, अन्यथा नोटिस की बात कहने के बाद प्रभारी का शांतिपूर्वक वापस जाना संभव नहीं होता। कार्यकर्ताओं ने 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा का सम्मान करते हुए उनकी बातें सुनीं। उन्होंने नसीहत दी कि प्रभारी अगली बार डोंगरगढ़ आएं, तो कार्यकर्ताओं के सम्मान का ध्यान रखें।

### भाजपा किसी की प्राइवेट लिमिटेड नहीं

सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में वरिष्ठ नेताओं ने सीधे शब्दों में कहा कि भाजपा किसी की प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं है। उन्होंने प्रभारी की पृष्ठभूमि पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उन्होंने जनहित के कितने कार्य किए हैं? नेताओं ने आरोप लगाया कि केवल बड़े नेताओं के आशीर्वाद और चाटुकारिता के दम पर आगे बढ़ने वाले लोग कार्यकर्ताओं पर धौंस जमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर और राजनांदगांव के कई बड़े सम्मानित नेता डोंगरगढ़ को भलीभांति जानते हैं, लेकिन उन्होंने कभी इस तरह का अनर्गल व्यवहार नहीं किया।

### गुटबाजी के लिए बाहरी प्रत्याशी जिम्मेदार

वरिष्ठ नेताओं ने बैठक में उठाए गए गुटबाजी के मुद्दे पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ में गुटबाजी यहां के कार्यकर्ताओं की देन नहीं है, बल्कि चुनाव के समय बाहर से आने वाले दर्जनों दावेदारों के कारण पैदा होती है। जब किसी एक को टिकट मिलता है, तो बाकी दावेदार ही प्रत्याशी को निपटाने में लग जाते हैं। इसमें जमीनी कार्यकर्ताओं का कोई दोष नहीं है।

### पद का रौब न दिखाएं प्रभारी

प्रभारी द्वारा 'केंद्र तक पहुंच' होने की बात पर कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का सम्मान करते हैं क्योंकि वे सरकार की धुरी हैं और देश के लिए कार्य कर रहे हैं। कार्यकर्ता उनके जिम्मेदार सिपाही हैं, किसी की चाकरी नहीं करते जो किसी के रौब से डर जाएं। नेताओं ने अंत में कहा कि भविष्य में भी प्रभारी का स्वागत है, लेकिन उन्हें अपनी मर्यादा और कार्यकर्ताओं की इज्जत का ख्याल रखना होगा।

# करंट की चपेट में आने से बिजली विभाग के ठेका कर्मी की मौत

### विद्युत विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल

### नागरिकों में शोक के साथ आक्रोश

खैरागढ़(दावा)। विद्युत लाइन के आसपास पेड़ कटाई के दौरान शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में बिजली विभाग के ठेका कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतक की पहचान ग्राम पेंड्रीकला निवासी हेमंत साहू (45) पिता स्वर्गीय बंशीलाल साहू के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार हेमंत साहू शनिवार सुबह अन्य कर्मचारियों के साथ टोलागांव क्षेत्र में विद्युत लाइन के समीप पेड़ कटाई कार्य में जुटा हुआ था।



इसी दौरान पेड़ की एक डाल अचानक चालू विद्युत लाइन के संपर्क में आ गई, जिससे हेमंत तेज करंट की चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथी कर्मचारियों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल खैरागढ़ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

घटना के बाद विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का आरोप है कि विद्युत लाइन के आसपास कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

वहीं, विद्युत विभाग की प्रभारी सहायक अभियंता मदलसा विश्वकर्मा ने बताया कि जिस फीडर क्षेत्र में पेड़ कटाई का कार्य चल रहा था, उसे बंद कर दिया गया था। हालांकि, लाइन लंबी होने के कारण दूसरी ओर प्रवाहित करंट वाली लाइन से पेड़ की डाल संपर्क में आ गई, जिससे दुर्घटना घटित हुई।

हेमंत साहू लंबे समय से विद्युत विभाग में ठेका कर्मी के रूप में कार्यरत था। अपने मिलनसार स्वभाव के कारण वह क्षेत्र में काफी लोकप्रिय था। उसकी आकस्मिक मृत्यु से पेंड्रीकला सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर व्याप्त है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



**आवश्यकता है**

दैनिक दावा में रात्रिकालीन हेल्पर एवं मार्केटिंग कार्य हेतु अनुभवी युवक/युवतियों की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक!

संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।

संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com